# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338


वर्ष : 08 अंक : 04 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 30 दिसंबर 2024-5 जनवरी 2025 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8




## देश की आवाज़

# आर्थिक सुधारों के जनक को नम आंखों से विदाई

▫ पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ▫ बेटी ने दी मुखाग्नि, तीनों सेनाओं ने दी अंतिम सलामी ▫ राहुल शवयात्रा के साथ आए, अर्थी को कंधा भी दिया ▫ राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री व सोनिया-प्रियंका गांधी मौजूद रहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्थिक सुधारों के जनक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को अंतिम विदाई दी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी। निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9.30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे।



वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8.06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9.51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता 'जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा' और 'मनमोहन सिंह अमर रहे' के नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



# डल्लेवाल को अस्पताल ले जाएं या कार्रवाई का सामना करें

▫ सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को दी चेतावनी





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने के लिए मनाने के सिलसिले में पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक का समय दिया। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने एक अभूतपूर्व सुनवाई करते हुए स्थिति को बिगड़ने देने तथा डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने के उसके पूर्व निर्देशों का पालन नहीं करने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। पंजाब सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहाकि उसे प्रदर्शनकारी किसानों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब सरकार के मुताबिक इन लोगों ने डल्लेवाल को घेर लिया है और वे उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने पीठ से कहाकि विशेषज्ञों की एक टीम ने विरोध स्थल का दौरा किया। डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती होने एवं चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए मनाने की कोशिश की गई। लेकिन डल्लेवाल ने आईवी ड्रिप समेत किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता लेने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि इससे आंदोलन का उद्देश्य कमजोर हो जाएगा। इससे नाराज पीठ ने पंजाब सरकार को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जो किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे, वे आत्महत्या के लिए उकसाने का आपराधिक कृत्य कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार को स्थिति के अनुसार केंद्र से साजो-सामान संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता लेने की अनुमति दी और उम्मीद जताई कि राज्य सरकार डल्लेवाल को अस्पताल स्थानांतरित करने के उसके निर्देश का पालन करेगी। बेंच ने कहा कि डल्लेवाल अपने साथियों के दबाव में हैं और जो किसान नेता उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे, वे उनके शुभचिंतक नहीं लगते। इसने कहाकि क्या उनकी प्राथमिकी उनका जीवन बचाना है या कुछ और हम ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते और केवल यह उम्मीद करते हैं कि पंजाब सरकार हमारे निर्देशों का पालन करेगी। शीर्ष अदालत ने डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की थी।

# सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों देश के सभी हिंदू मंदिर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह हिंदू मंदिरों को राज्य सरकार के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। इस अभियान की शुरुआत 5 जनवरी को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जनजागरण कार्यक्रम के साथ होगी। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हिंदू मंदिरों के प्रबंधन और प्रशासन के लिए एक मसौदा कानून तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, यह मसौदा मैंने कुछ दिन पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को विचार के लिए सौंपा है।

### अन्ना यूनिवर्सिटी रेप केस

# महिला आयोग ने जांच के लिए बनाई कमेटी

## राज्यपाल भी यूनिवर्सिटी पहुंचे, 5 दिन पहले इंजीनियरिंग स्टूडेंट से हुआ था रेप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप केस की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है। उधर राज्यपाल आरएन रवि भी शनिवार को घटना की जानकारी के लिए यूनिवर्सिटी पहुंचे। 23 दिसंबर की रात 8 बजे अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप हुआ था। यूनिवर्सिटी कैंपस के पास ही राजभवन और आईआईटी मद्रास है, जो हाई-सिक्योरिटी जोन में आता है। पुलिस ने कैंपस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपी ज्ञानशेखरन को गिरफ्तार कर लिया। वह यूनिवर्सिटी के पास ही बिरयानी की दुकान लगाता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस एस.एम. सुब्रमण्यम और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायण की खंडपीठ ने चल रही जांच में विभिन्न चूकों को उजागर करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों वाली एसआईटी के गठन का आदेश दिया। कोर्ट ने विशेष रूप से इस बात को गंभीरता से लिया कि घटना की प्राथमिकी पढ़ने के बाद पुलिस ने पीड़िता द्वारा 19 वर्षीय युवक को दोषी ठहराया। शनिवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने महाधिवक्ता पीएस रमन से कहा कि क्या आपने एफआईआर पढ़ी है। यह पीड़िता को दोषी ठहराने का एक उदाहरण है।



# मणिपुर में थम नहीं रहा है हिंसा का दौर

## लगातार 5वें दिन हुई गोलीबारी, महिला और पत्रकार घायल

### सीएम बोले-कुकी उग्रवादियों ने शांति-सद्भाव पर किया हमला

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट में लगातार 5वें दिन कुकी और मैतेई ग्रुप के बीच फायरिंग हुई है। थामनपोकपी और सानासबी में शुक्रवार देर रात को गोलबारी में एक महिला घायल हो गई। वहीं, शनिवार सुबह गोलीबारी में एक लोकल न्यूज चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट घायल हुए। शुक्रवार को भी सनसाबी इलाके में उग्रवादियों से मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी और एक गांव वाला घायल हुए था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां मोर्टार भी दागे गए थे। उधर, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा- इम्फाल ईस्ट के सनसाबी और थमनापोकपी में कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी की कड़ी निंदा करता हूं। निर्दोषों पर यह कायरतापूर्ण हमला मणिपुर की शांति और सद्भाव पर हमला है। सीएम ने कहा था- कुकी-मैतेई आपसी समझ बनाएं मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह ने 25 दिंसबर को कहा था- मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। बीजेपी ही मणिपुर को बचा सकती है, क्योंकि वो एक साथ रहने के विचार में विश्वास करती है। उन्होंने कहा था कि आज मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं। आज जो लोग राज्य को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वही सवाल कर रहे हैं।



# पीएम मोदी आज करेंगे दिल्ली चुनाव अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 29 दिसंबर को दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इस हफ्ते वे दो रैलियों में हिस्सा लेंगे। दूसरी रैली 3 जनवरी को होगी। पीएम मोदी 29 दिसंबर को रिठाला में एक नई मेट्रो लाइन की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे देश के पहले सेमी हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर के तीसरे फेज का भी उद्घाटन करेंगे। इस प्रोजेक्ट को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल प्रोजेक्ट भी कहते हैं। इसके बाद पीएम मोदी रोहिणी के जापानी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की दिल्ली इकाई ने इसके लिए मंडल अध्यक्षों से कम से कम 2 बस भरकर लोगों को लाने के लिए कहा है। वहीं, 3 जनवरी के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उत्तर-पूर्वी दिल्ली में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने वाले हैं।

# सावधान ! जारी रहेगा बारिश का दौर, बढ़ेगी गलन

▫ *नए साल का मजा खराब करेगी ठंड, बर्फबारी से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद* ▫ *बारिश से दिल्ली में 15 साल और अजमेर में 14 साल का रिकॉर्ड टूटा*



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरे उत्तर भारत को सर्दी ने अपने आगोश में ले लिया है। दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर ओले पड़ने से ठंड में इजाफा देखने को मिला है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी हालिया भविष्यवाणी में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और पूर्वी हवाओं के आपसी प्रभाव के कारण कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश, ओले गिरने और गरज-चमक के साथ तेज हवाओं की भविष्यवाणी की है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। हिमाचल और उत्तराखंड आज भी बारिश को अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भी व्यापक



बारिश-बर्फबारी हो सकती है। वहीं दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी गरज के साथ बारिश होने की उम्मीद है। उत्तर भारत के कई हिस्सों में घने से अति घने कोहरे की संभावना है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कोहरा यातायात और दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकता है। हिमाचल प्रदेश में 29 से 31 दिसंबर के बीच शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। उत्तर और पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान अगले दो दिनों में 2 डिग्री तक गिर सकता है। मध्य भारत और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर रहने की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में शीतलहर और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पिछले हफ्ते भारी बारिश ने मौसम को बदल दिया। यह निम्न दबाव क्षेत्र के कारण इन इलाकों में गरज के साथ बारिश हुई। अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु, पुदुचेरी और आंध्र प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। दक्षिण भारत में इस बार मानसून के बाद की बारिश सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा रही है। आर्मी ने बताया कि अचानक हुई भारी बर्फबारी और सड़कों के बंद होने के कारण 30 महिलाओं और 8 बच्चों समेत 68 लोग घाटी पर फंस गए थे। उन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। उन्हें शेल्टर और दवाएं भी दी गईं। बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह हाईवे और मुगल रोड को बंद हो गया। श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर 2,000 वाहन फंस गए। भारी बर्फबारी के कारण शनिवार सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर 80 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं। वहीं घने कोहरे के चलते दिल्ली में 14 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। शुक्रवार को दिल्ली में 24 घंटे में शहर में 9.1 एमएम बारिश दर्ज की गई।

# दिल्ली में एएपी की महिला सम्मान योजना की होगी जांच

## एलजी बोले-नागरिकों की निजी जानकारी जुटा रहे हैं

### सख्त आदेश, कानून तोड़ने वालों पर पुलिस ऐक्शन ले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी



(एएपी) की महिला सम्मान योजना के जांच के निर्देश दिए हैं। एलजी के प्रधान सचिव ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस कमिश्नर को चिट्ठी लिखी है। 27 दिसंबर को भेजी गई चिट्ठी के जरिए अफसरों से कहा गया है कि गैर-सरकारी लोगों के द्वारा दिल्ली की जनता की निजी जानकारी जुटाई जा रही है। इसकी जांच कराएं और कानून के अनुसार कार्रवाई करें। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 12 दिसंबर को दिल्ली में 18 साल से अधिक उम्र की महिला को 1 हजार रुपए देने और चुनाव जीतने के बाद इसे बढ़ाकर 2100 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की है। इसके अलावा एलजी ने पंजाब से कैश ट्रांसफर के आरोपों की भी जांच का निर्देश दिया है। एलजी ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर बॉर्डर पर वाहनों की जांच करें और मुख्य सचिव चुनाव आयोग को इसकी जानकारी दें। कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के घर पर पंजाब सरकार के खुफिया कर्मचारियों की मौजूदगी के आरोपों की भी जांच करने के निर्देश एलजी ने दिए हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से 3 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

## सम्पादकीय

# संसद में घमासान-शाबाश ?

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र जिसके बारे में पूरी दुनियाँ चर्चा करती है। दूसरी ओर भारत का संविधान जो हमारे लिए पूज्यनीय है, परंतु इसके ऊपर ही संसद में चर्चा पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल संसद के ऊपरी सदन में माननीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ ऐसा जुमला बोला कि विपक्ष ने उसे हाथों- हाथ लपक लिया, उसे मुद्दा बनाकर गृहमंत्री के पद छोड़नें की मांग तक की बात बना दी जिसके बचाव में माननीय पीएम सहित अनेक मंत्री सामने आए व गृहमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर कहां की उसके बयान को एआई की मदद से तोड़ मरोड़ कर एक अंश को प्रस्तुत किया गया है जिसपर दो दिनों से घमासान चल रहा है, परंतु गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 का दिन संसद क़े काला दिवस के रूप में माना जा सकता है, जहां शाब्दिक घमासान ने धक्का मुकी का रूप ले लिया, जिसमें दो सांसद महोदय घायल हो गए हैं व अस्पताल में भर्ती है, तथा दोनों प्रमुख पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ़ पुलिसथाने में एफआईआर दर्ज करा दी है सताधारी पार्टी ने नए आईपीसी कानून की धारा 115 117 125 131 351 3(5) तो विपक्षी बड़ी पार्टी ने 114 115 116 117 129 130 131 133 धाराओं के अंतर्गत सांसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है जो मैंने एफआईआर के लिए दी गई पांच पुष्ठों की कॉपी देखी उसमें करीब 15 संसद सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं, जो मैंने अपने 40 वर्षों के स्तंभकार लेखन के करियर में शायद पहली बार ही यह देखा हूं, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुकी बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संसद में धमासान शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों एफआईआर बनाम एफआईआर।



दिनेश शर्मा

साथियों बात अगर हम गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 को संसद परिक्षेत्र में धक्कामुक्की करें तो, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई है। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, गृह मंत्री ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। आज बाबासाहेब के अपमान के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। जब इंडिया गठबंधन के सांसद मकर द्वार पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष और नेता विपक्ष के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष को चोट भी आई है सत्ताधारी पार्टी की इस गुंडागर्दी के खिलाफ आज कांग्रेस के सांसदों ने संसद मार्ग स्थित पुलिस थाने में बदसलूकी करने वाले सांसदों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। लोकसभा स्पीकर को भी लिखा पत्र इसके अलावा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की, जो न सिर्फ कांग्रेस नेता की गरिमा पर हमला है, बल्कि संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत भी है। उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि इस मामले में वह उचित कार्रवाई करें। कांग्रेस सांसदों ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं। संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ के प्रोपेगेंडा को बेनकाब कर रहे थे और उनसे माफी की मांग कर रहे थे। उसी समय राहुल गांधी अपने इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ आए और तय रास्ते से न जाकर एनडीए के सांसदों के बीच आ गए। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों को उकसाया भी और दुर्भावनापूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े। राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें 109 हत्या का प्रयास और 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला है। दूसरी तरफ, मणिपुर से भाजपा की महिला राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक ने राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर राहुल गांधी बताया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अत्याचारों के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रही थीं, तभी यह घटना हुई। कोन्याक ने चिट्ठी में बताया, मैं मकर द्वार की सीढ़ियों के नीचे हाथ में तख्ती लेकर खड़ी थी।

# हिंदी मातृभाषा सत्याग्रहियों को 20 हजार पेंशन, सेना व सीआरपीएफ शहीदों के परिवारों के लिए बड़ा एलान

**चंडीगढ़ ।** सीएम नायब सिंह सैनी अध्यक्षता में शनिवार को हरियाणा कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 15 से अधिक एजेंडे रखे गए थे। हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए पेंशन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रतिमाह करने पर कैबिनेट की मुहर लग गई है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बैठक में सेना और सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये किया गया है। इसके अलावा दूसरा मुख्य एजेंडा जो बैठक में पास किया गया है उसमें 1957 के हिंदी आंदोलन मातृभाषा के सत्याग्रहियों के लिए जो मासिक पेंशन 15 हजार थी उसे भी बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने का निर्णय किया गया है।

इस समय सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग 161 मातृभाषा सत्याग्रहियों या उनके जीवित पति/पत्नियों को 15,000 रुपये मासिक पेंशन मिल रही थी। सीएम सैनी ने जून में इस बढ़ोतरी का एलान किया था। प्रस्तावित वृद्धि 20,000 रुपये प्रतिमाह करने से प्रदेश पर 96.60 लाख रुपये का अतिरिक्त वार्षिक खर्च बढ़ेगा, जिससे कुल वार्षिक बजट लगभग 3.86 करोड़ रुपये हो जाएगा।




## फर्जी पासपोर्ट बनवा विदेश भागने की तैयारी में था इस गैंग का सदस्य, सोनीपत एसटीएफ ने मंसूबों पर फेरा पानी



सोनीपत। हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स की सोनीपत यूनिट लगातार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करती हुई नजर आ रही है, क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य फर्जी पासपोर्ट के माध्यम से विदेश भागने की फिराक में है। सोनीपत एसटीएफ लगातार ऐसे युवाओं को चिन्हित कर रही है जोकि फर्जी पासपोर्ट बनवाने के बाद विदेश भागने की तैयारी में जुटे हैं। एसटीएफ ने अंकित नरवाल को गिरफ्तार किया है जोकि फर्जी पासपोर्ट बनवाने के बाद विदेश भागने की तैयारी में जुटा था। अंकित नरवाल पर चार संगीन अपराधों को अंजाम देने का आरोप है और अभी जेल से जमानत पर बाहर चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी पर चंडीगढ़ में दो युवकों की हत्या को अंजाम देने के साथ-साथ कई संगीन अपराधों को अंजाम देने का आरोप भी है। अंकित नरवाल ने विदेश भागने की पूरी तैयारी कर ली थी लेकिन सोनीपत एसटीएफ यूनिट को इसकी भनक लग गई और एसटीएफ ने एक के बाद एक इसके खिलाफ सबूत जुटाए और इसको गिरफ्तार कर लिया। वहीं डीएसपी इंदिवर ने बताया कि बरोदा थाना में गांव कथुरा के रहने वाले अंकित नरवाल नाम के युवक पर फर्जी पासपोर्ट बनवाया गया था। इस मामले में बरोदा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। यह बताया जा रहा था कि इसको बनवाने के लिए जो कागजात लगे वो फर्जी थे और इसके बाद एसटीएफ ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। इसकी फर्जी पासपोर्ट बनवाने में किस-किस ने मदद की उसकी तलाश की जा रही है और इससे पूछताछ की जा रही है।

## साधु के भेष में कोई भी करें बात तो हो जाएं सावधान, वरना आप भी बन सकते हैं शिकार



गन्नौर । साधु के भेष में अगर कोई आपसे रास्ता पूछ रहा है तो सावधान हो जाएं वरना आप भी शिकार बन सकते हैं। सोनीपत की गन्नौर क्राइम यूनिट ने दो ऐसे साधुओं को गिरफ्तार किया है, जो रास्ता पूछने के बहाने बुजुर्ग महिलाओं को सम्मोहित कर चोरी की वारदातों का अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपी पानीपत जिला के गांव वजीरपुर टिटाना निवासी बलराज उर्फ पालू व मंजीत उर्फ लाडू है। मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत के गांव घसौली निवासी बुजुर्ग महिला गुड्डी ने 23 दिसंबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह पबनेरा रोड से अपने घर आ रही थी। पबनेरा की तरफ से एक गाड़ी आ कर रूकी थी। जिसमें सवार साधू ने जींद जाने का रास्ता पूछा जब वह खिड़की के पास साधू को रास्ता बताने लगी थी। तभी साधू ने सिर पर आशीर्वाद देने के लिए हाथ रखा और बात करने लगा। वह उस साधू की बातों में आ गई। जिसके बाद वह उनके कानों के बालियां चुरा कर भाग गया था। इस पर बड़ी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब कार्रवाई करते हुए गन्नौर क्राइम यूनिट ने आरोपी बलराज व मंजीत को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से कार भी बरामद कर ली है। वहीं प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गांव घसौली की रहने वाली बुजुर्ग महिला गुड्डी ने शिकायत दी थी कि साधु के भेष में दो साधुओं ने रास्ता पूछने के बहाने सम्मोहित कर चोरी की वारदात की है। उन्हें सम्मोहित कर कान की बालियां चोरी कर दोनों बाबा भाग गए। दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## 8 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, किरायेदार ने बनाया हवस का शिकार... मामा ने बताई सच्चाई

फरीदाबाद। एक 55 साल के किरायेदार ने आठ वर्षीय बच्ची का यौन शोषण किया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली और इतना ही नहीं आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। डबुआ थाना क्षेत्र में आठ साल की बच्ची के यौन शोषण का मामला सामने आया है। आरोप मकान में किराये पर रहने वाले 55 साल के उदय पर लगा है। आरोपी ने बच्ची को मकान की दूसरी मंजिल पर बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। लड़की ने अपने मामा को इस बारे में बताया तो आरोपी की करतूत का पता चला और शिकायत पुलिस को दी गई। डबुआ थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी उदय को गिरफ्तार कर लिया है। मामा ने लड़की से पूछा कि बेटा ऊपर इतनी देर तक क्या कर रही थी तो उसने पूरी कहानी बताई। लडकी ने मामा को बताया कि ऊपर वाले अंकल मुझे बुलाकर ले गए थे। वहां पर उन्होंने मेरे साथ कपड़े उतारकर गंदी हरकत की।

## मानसिक परेशानी के चलते विवाहिता ने उठाया खौफनाक कदम, अनाथ हुए 2 मासूम

बवानीखेड़ा। गांव जाटु लोहारी में वीरवार रात्रि मानसिक परेशानी के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर इत्तेफाकिया कार्रवाई कर भिवानी के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस में दी गई शिकायत में जाटू लुहारी निवासी प्रद्युम्न ने बताया कि उसकी बहन की शादी राजस्थान के झुंझुनू जिले में कान सिंह पुरा गांव में की गई थी। उसको एक लड़का व एक लड़की पैदा हुई बाद में उसकी बहन की उसकी ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मनमुटाव रहने लगा। इसके चलते वह अपने गांव में परिजनों के साथ रहने लगी। उसने बताया कि धीरे-धीरे वह मानसिक परेशानी में रहने लगी तथा इसी के चलते गत रात्रि उसने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतका के भाई के बयान दर्ज कर इत्तेफाकिया कार्रवाई कर उसके शव का भिवानी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## हरियाणा के इस जिले में लिंगानुपात मामलों में सुधार, रेवाड़ी-चरखी दादरी व गुरुग्राम में हालात चिंताजनक

जींद- हरियाणा के जींद में लिंगानुपात के मामले में जींद जिला प्रदेशभर में सातवें स्थान पर हैं। जींद के लिए राहत भरी खबर यह है कि लिंगानुपात 900 के ऊपर हैं। इसका मतलब यह है कि जींद के लोगों को बेटियां खूब रास आ रही हैं। वहीं रेवाड़ी-चरखी दादरी व गुरुग्राम लिंगानुपात के मामले में सबसे पीछे चल रहे हैं। जींद में पिछले दिनों जिला में कन्या भ्रूण हत्या के दो मामले भी सामने आए। गांव डूमरखां कलां में किसी मां ने अपनी बेटी को जन्म लेने से पहले कोख में ही मरवा दिया था। उसका भ्रूण खाली प्लाट में फेंक दिया था। दूसरी घटना जींद के रेलवे स्टेशन के पास की थी, जिसमें झाड़ियों में एक नवजात कन्या का शव मिला था, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलर्ट मोड पर आ गई। हालांकि 2018 से 2023 तक जिले का लिंगानुपात 900 से ऊपर रहा. लेकिन वर्ष 2024 में यह 900 से कम हो गया, जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने मेहनत की और फिर से जींद का लिंगानुपात 911 पर आ गया है. वर्ष 2022 में जींद जिला लिंगानुपात के मामले में प्रदेश में पहले स्थान पर था। कई महीने तक जींद जिले की लिंगानुपात में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा।

# हरियाणा में जमकर बारिश: खेतों में बिछी सफेद चादर, चार दिन के लिए शीतलहर व कोहरे का यलो अलर्ट; ऐसा रहेगा मौसम

**हिसार।** हरियाणा समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में शुक्रवार को इस सीजन में पहली बार जमकर मेघा बरसे। शुक्रवार तड़के हल्की बारिश शुरू हुई जो दिन निकलने के साथ बढ़ती गई। रात तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। कई शहरों में दिन में ही अंधेरा छा गया। मौसम विभाग ने शनिवार को भी उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में हल्की से मध्यम बारिश, तूफान और बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। हरियाणा में 31 दिसंबर तक येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि वीरवार रात को एक उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके असर से शुक्रवार को सभी जगह बारिश हुई। शाम तक कुलज 3.7 एमएम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश सोनीपत में 46 एमएम हुई, जबकि अंबाला में 8.5 एमएम, हिसार 15.6, नारनौल 22.0, रोहतक 23.8, भिवानी 14.1, सिरसा 7.0, जींद 14.2, कुरुक्षेत्र में 11.5 व पानीपत में दो एमएम बारिश हुई। इसी बीच सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, कैथल व करनाल में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। फतेहाबाद जिले के 10 गांवों में भारी ओलावृष्टि हुई। करीब 10 से 15 मिनट तक ओलों की बारिश होती रही।



### आगे ऐसा रहेगा मौसम

28 दिसंबर को भी हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों पर इस विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिलेगा। 29 दिसंबर से हवाओं की दिशा बदल कर उत्तरी होने से प्रदेशभर में ठंड विकराल रूप अख्तियार करेगी। इसके असर से कोहरा व शीतलहर चरम पर होंगे।

### फसलों पर ये रहेगा असर

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने बताया कि यह बारिश गेहूं व सरसों दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। ओलावृष्टि से सिर्फ सरसों की फसल में नुकसान की आशंका है। गेहूं का पौधा छोटा होने व अभी दाने नहीं बनने के कारण इसे ओलावृष्टि से नुकसान नहीं हुआ है।

### हरियाणा कृषि विभाग की तरफ से बचाव में एडवाइजरी जारी

शीतलहर और ठंड के चलते हरियाणा में सरसों की फसल और सब्जियों पर पाला की मार पड़ने लगी है। सरसों की फसल और सब्जियों को बचाने के लिए हरियाणा कृषि विभाग की तरफ उपाय की एडवाइजरी जारी की गई है। सब्जियों में मटर, टमाटर और मिर्च के पौधे पाले के कारण काले पड़ने लगे है। हालांकि, गेंहू की फसल पर परेशानी की बात नहीं है। वहीं, किसानों के बीच मुआवजे की मांग भी उठने लगी है।

हरियाणा कृषि विभाग के संयुक्त सचिव जसविंदर सिंह ने बताया कि चार डिग्री या इससे कम तापमान के कारण फसल पाला से प्रभावित होने लगती है। फसल को शीतलहर या पाला से बचाने के लिए रात में प्लास्टिक शीट, जूट, फूस की बनी टाट या पुआल से ढंकना चाहिए। इसके लिए सावधानी बरतने वाला तथ्य होता है कि जिस भी चीज से फसल को ढंक रहे हैं, वह वजनी न हो वरना पौधे झुक या टूट जाएंगे। हिसार में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, यह सीजन की सबसे ठंडी रात थी।

### इन उपायों से करें बचाव


फसल को ढकना


फसल को पानी देना

फसल को उर्वरक देना (इसके लिए कैल्शियम कार्बोनेट, मैग्नीशियम कार्बोनेट जैसे रसायनों का उपयोग कर सकते हैं)

सरसों की फसल को पाला से बचाने के लिए प्लास्टिक की शीट, जूट की बोरी का उपयोग

## हरियाणा में डबल मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली, लिखा- काम में कर रहे थे दखलअंदाजी





यमुनानगर । रादौर थाने के खेड़ी लक्खा सिंह गांव में हुई 2 शराब ठेकेदारों की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग व काला राणा ने ली है। उनकी ओर से पोस्ट में नोनी राणा नाम से लिखा है कि हत्या की जिम्मेदारी वह और उनके भाई रोहित गोदारा गोल्डी बराड़ लेते हैं। वे काम में दखलअंदाजी कर रहे थे, उन्हें फोन पर भी समझाया लेकिन नहीं माने। जो बचा है वह किसी भी कोने में हो, उसे मरना पड़ेगा और इंतजार करें, नजारा फिर देखने लायक होगा। बता दें कि गुरुवार सुबह वीरेंद्र निवासी गोलनी, पंकज मलिक निवासी मखमूलपूर जिला शामली यू.पी. को गोलियों से भून दिया था। एस पी. राजीव देसवाल ने बताया कि 14 घंटे के भीतर 2 आरोपियों अरबाज पुत्र मनुव्वर निवासी ताजेवाला व सचिन हांडा पुत्र यतिंद्र हांडा निवासी छछरौली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 7 दिन का रिमांड मांगा गया है। अभी तक की जांच में 2 हत्याओं के तार नोनी राणा, काला राणा व सन्नी सलेमपुर से जुड़ रहे हैं। इनका टार्गेट शराब ठेकेदार रिंकू राणा गोलनी था, जो घटना के दिन नहीं आया। इसमें आरोपी अरबाज की गाड़ी का प्रयोग किया गया है। सचिन हांडा ने भी हत्या में मदद की है। जल्द ही और गिरफ्तारियां होंगी।

## यमुनानगर में एसपी ने पूरी चौकी को किया सस्पेंड

यमुनानगर । कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने डबल मर्डर पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने एसपी को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बता दें श्याम सिंह राणा मंत्री के साथ-साथ रादौर विधायक भी हैं। उन्होंने एसपी को जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का हक नहीं है। जिला व प्रदेश में शांति बनी रहनी चाहिए। इसके लिए जिला पुलिस काम करें। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जितनी जल्दी हो सके कार्रवाई की जाए। इस तरह की घटनाएं न हो। पुलिस इसके लिए जिम्मेदारी ले। उधर एसपी राजीव देसवाल ने कड़ा संज्ञान लिया है। हत्या की वारदात खेड़ी लक्खा सिंह चौकी के पास हुई। ऐसे में एसपी की ओर से चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, एएसआई जसबीर, एएसआई सुरेंद्र, एएसआई सुरेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल कृष्ण, कांस्टेबल गुलाब, रवि व दलबीर को सस्पेंड किया गया है। सस्पेंशन की वजह यह है कि यह घटना चौकी के नजदीक हुई है।

## बेरोजगारी के चलते पढ़े-लिखे इंजीनियर ने बैंक लूटने का किया प्रयास, मौके पर हीधरा गया

भिवानी। भिवानी के हांसी रोड़ स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में आज सुबह सेंधमारी करते एक चोर को पुलिस व बैंककर्मियों की सतर्कता के चलते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। चोर बैंक की दीवार में हैमर व ग्रैंडर की मदद से दीवार को काटकर बैंक में रखे स्ट्रांग रूम तक पहुंचना चाहता था। शनिवार को अचानक से बैंककर्मी छुट्टी होने के बावजूद वह किसी जरूरी कार्य के लिए कागजाद लेने के लिए बैंक में पहुंचा तो उन्होंने कटर चलने की आवाज आई, जिसके चलते बैंक कर्मियों ने सतर्कता बरती तथा डायल-112 पर फोन किया तथा चोरी को मौके पर धर-दबोचा। पकड़ा गया युवक हिसार जिला के बालसमंध गांव का निवासी है, जिसका नाम सत्यवान तथा उम्र 34 वर्ष है। इससे पहले इस युवक का कही भी कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इस बारे में जानकरी देते हुए भिवानी सिविल लाईन के सब इंस्पेक्टर विशेष ने बताया कि पकड़े गए युवक ने इंजीनियरिंग का कोर्स कर रखा है। लंबे समय से इसके पास कोई जॉब नहीं थी तथा इस पर पढ़ाई का कर्ज था। इस कर्ज का उतारने के लिए उसने बैंक डकैती की घटनाक्रम की बात कबूली है। इससे पहले इस युवक कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं पाया गया है। यह युवक अविवाहित है तथा बोलने-चलने में प्रवीण है। इसने बीते सात नवंबर को बैंक रैकी की, जिसके बाद इसने दिन के समय में कटर से दीवार काटने का प्रयास किया, पर बैंक कर्मी के छुट्टी होने के बावजूद बैंक में पहुंचने पर पुलिस की मदद से इसे मौके पर दबोच लिया गया। यह इन दिनों दिल्ली में किराये पर रहता था तथा अपनी पुरानी नौकरी छुटने के बाद नइ नौकरी की तलाश में था, जो उसे लंबे समय से नहीं मिल रही थी। उन्होंने बताया कि उसने वह बीते 12 दिसंबर से अलग-अलग समय पर बैंक के साथ लगते खाली प्लॉट में बैंक स्ट्रांग रूम में पहुंचने के लिए अलग-अलग समय पर कार्य करता था।

# दादरी में माइनर टूटने से कई एकड़ फसल हुई जलमग्न , किसानों को लाखों का नुकसान

**चंडीगढ़ ।** चरखी दादरी (पुनीत श्योराण) - दादरी के गांव मैहड़ा व असावरी के बीच माइनर टूटने से फसलें जलमग्न हो गई। जिससे गेहूं, सरसों व सब्जी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और माइनर को ठीक करवाने का काम शुरू करवाया गया। किसानों ने नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है।

किसान विनोद, मंजीत व अन्य ने बताया कि असावरी माइनर माइनर टूटने से दोनों गांवों के एकड़ खेतों में पानी भर गया। जिससे खेतों में लगाई गई गेहूं, सरसों व सब्जी की फसलों को नुकसान हुआ है। खासतौर पर सब्जी की फसलों में बड़ा नुकसान हुआ है। बाड बनाकर लगाई गई सब्जी में पानी के बहाव से कटाव व जलभराव होने के कारण फसलें मिट्?टी में दब गई है। किसानों ने कहा कि उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान की भरपाई की मांग की है।





वहीं सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के एसडीओ सुरजभान व जेई मौके पर पहुंचे और माइनर का ठीक करने का कार्य शुरू करवाया गया है। बताया जा रहा है माइनर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ने के कारण ही माइनर टूटी है।

# नारनौल सुसाइड केस में 1 आरोपी को भेजा जेल, दूसरा फरार...4 लोगों ने खाया था जहर



**नारनौल ।** छह दिन पहले तुर्कियावास मोड़ के पास थार गाड़ी में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले नारनौल के एक ही परिवार के चार सदस्यों के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार एक आरोपी को दो दिन के रिमांड के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

हालांकि, इस मामले में नामजद दूसरा आरोपी, जो नारनौल थाने के मुंशी का बेटा है, अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रविवार रात नारनौल के गुरुनानकपुरा मोहल्ले के आशीष, उनकी पत्नी रूपेंद्र कौर, बेटा गगनदीप और अमनदीप ने थार गाड़ी में जहरीला पदार्थ खा लिया था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उन्हें अटेली अस्पताल ले जाया गया। पत्नी और एक बेटे की मौके पर मौत हो गई। सोमवार को परिवार के मुखिया और मंगलवार को उनके छोटे बेटे ने दम तोड़ दिया।

गाड़ी से बरामद सुसाइड नोट में दो लोगों का जिक्र था, जिन्होंने पैसों को लेकर परिवार को परेशान किया। पुलिस ने सोमवीर पुत्र सत्यवीर (गुजरा की ढाणी निवासी) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोमवीर ने बताया कि नारनौल के आशीष ने तीन महीने पहले 60 हजार और बाद में कुल 5 लाख रुपए उधार लिए थे। यह रकम चक्रवृद्धि ब्याज के कारण बढ़ रही थी। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि दूसरे नामजद आरोपी की तलाश जारी है।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन, 19 को मतदान

**चंडीगढ़ ।** नए साल में 19 जनवरी को प्रस्तावित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के तहत शनिवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। इस प्रक्रिया के तहत कैथल व चीका के एसडीएम कार्यालय और सीवन में नायब तहसीलदार कार्यालय में नामांकन दाखिल किए गए। बता दें कि जिले में चुनाव के तहत तीन वार्ड बनाएं गए हैं।

इसमें गुहला, कैथल और कांगथली वार्ड शामिल हैं। सीवन बीडीपीओ कार्यालय में दोपहर दो बजे तक कांगथली वार्ड नंबर 21 से चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किए। इस वार्ड से गुरमीत कांबोज, गज्जन सिंह, जरनैल सिंह, हरभजन सिंह ने चुनाव मैदान में उतरने के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। वहीं, कैथल वार्ड नंबर 22 से भी छह उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए गए हैं। इसमें गुरचरण सिंह, सतेंद्र सिंह रसीदा, बलदेव सिंह हाबड़ी, सतेंद्र सिंह हुडा सहित दो अन्य उम्मीदवार शामिल है। गुहला और कैथल एसडीएम कार्यालय में नामांकन करने के लिए उम्मीदवारों की भीड़ जुटी। पूरे जिले में कितने नामांकन हुए। इसकी पूरी सूची दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद जारी हो जाएगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन जनवरी को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### ईवीएम से होना है मतदान

चुनाव आयोग के अनुसार उम्मीदवारों को तीन जनवरी को चुनाव निशान आवंटित किए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया 19 जनवरी को होगी और इस बार ईवीएम से मतदान कराया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चुनाव को सिख समुदाय के धार्मिक और प्रशासनिक अधिकारों के लिए अहम माना जा रहा है। यह चुनाव सिख समुदाय के लिए धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उम्मीदवारों के नामांकन के साथ ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

### चुनावी मैदान में पांच पार्टियां

गुरुद्वारा संघर्ष कमेटी हरियाणा (जसबीर भाटी ग्रुप)

हरियाणा सिख पंथक दल (अकाली ग्रुप)

पंथक दल हरियाणा (झिंडा ग्रुप)

सिख समाज (नलवी ग्रुप)

शिरोमणि अकाली दल आजाद (दादूवाल ग्रुप)



# हकेवि में शोध पर केंद्रित समस्याओं व समाधान पर हुई चर्चा



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित, शोध पद्धति और अकादमिक लेखन पर दो सप्ताह के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तीसरे दिन की शुरुआत प्रतिभागियों डॉ. नेहरशी और श्री सिद्धांत के प्रस्तुतिकरण के साथ हुई। उन्होंने प्रशिक्षण के पिछले दो दिनों के अनुभव साझा किए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार इस आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस.के. चहल ने शोध समस्याओं की पहचान व परिष्करण, शोध प्रश्नों को तैयार करने और उद्देश्यों को परिभाषित करने पर केंद्रित व्याख्यान दिया। इसी क्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर उर्मी नंदा बिस्वास ने सामाजिक विज्ञान में डेटा संग्रह और फोकस ग्रुप डिस्कशन, डिस्कोर्स एनालिसिस, कंटेंट एनालिसिस और थीमैटिक एनालिसिस जैसी विश्लेषण तकनीकों पर चर्चा की। आयोजन के चौथे दिन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजीव कुमार सिंह ने शोध से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वित्त अधिकारी प्रोफेसर विकास कुमार ने शोध प्रबंधन के लिए फंडिंग एजेंसियों की पहचान पर अपना व्याख्यान दिया। साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नवीन कुमार ने सामाजिक विज्ञान में गुणात्मक शोध के महत्व को संबोधित किया। आयोजन में कोर्स के सह-निदेशक डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया ने प्रतिभागियों को अकादमिक लेख की रूपरेखा तैयार करने में व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर पायल कंवर चंदेल ने विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के साथ सक्रियता से चर्चा कर प्रतिभागियों को अपने शोध और प्रकाशन प्रयासों को आगे बढ़ाने व नए कौशल हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ उपायुक्त अजय कुमार ने की बैठक

फरीदाबाद की आवाज

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के लिए नियुक्त रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ जिला उपायुक्त अजय कुमार ने गुरुवार को बैठक की। मतदाता सूची के बारेआने वाली दावे-आपत्तियों के निपटारे के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में रिवाइजिंग अथॉरिटी अधिकारियों ने बताया कि वार्ड संबंधी आपत्तियां प्राप्त हो रही हैं, इसमें वोटरों का बूथ संबंधित वार्ड में होने की बजाय दूसरे वार्ड में आ रहा है। उपायुक्त ने इस मामले में कहा कि अगर यह मामला सही पाया जाता है तो रिवाइजिंग अथॉरिटी नियम-4 (6) के तहत इसे ठीक कर सकती है। इस तरह के आवेदनों का निपटारा करने से पहले फील्ड में जांच जरूर करवाएं। इसके लिए संबंधित बीएलओ, निगम स्टाफ की संयुक्त टीम पूरी शिनाख्त करके रिपोर्ट दें। रिवाइजिंग अथॉरिटी संबंधित बीएलओ व निगम स्टाफ के साथ बैठक करें तथा फील्ड रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लें। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ बीएलओ, निगम




जेई व टैक्स ब्रांच का कर्मचारी लगाया जाएगा।

प्रारंभिक ड्राफ्ट के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन करवाने के लिए नए वोट बनवाने, वोट कटवाने तथा शुद्धि करवाने के लिए निर्धारित प्रारूप में 23 दिसंबर तक संबंधित की ओर से फार्म जमा करवाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपरोक्त चुनाव प्रक्रिया के संबंध में रिवाइजिंग अथॉरिटी के रूप में नगर निगम गुरुग्राम में 12, नगर निगम मानेसर में 5, नगर परिषद पटौदी-जाटौली मंडी और नगर पालिका फर्रूखनगर में एक-एक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति की गई है। हरियाणा म्यूनिसिपल कारपोरेशन चुनाव नियम, 1994 के तहत 27 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों के तौर पर जमा हुए सभी आवेदनों का सक्षम अधिकारियों द्वारा निपटारा किया जा रहा है। मतदाता को किसी निर्णय पर आपत्ति है तो वह 31 दिसंबर तक डीसी के समक्ष अपील कर सकता है। इन अपीलों का निवारण 3 जनवरी, 2025 तक कर दिया जाएगा। इसके बाद छह जनवरी को नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। संशोधित मतदाता सूची के आधार पर निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। इस दौरान बादशाहपुर एसडीएम अंकित चौकसे, सीईओ जिला परिषद जगनिवास, गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र कुमार, सोहना एसडीएम होशियार सिहं, मानेसर एसडीएम दर्शन यादव, पटौदी के एसडीएम दिनेश लुवाच, अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया, रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत के अलावा अन्य रिवाइजिंग अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद रहे।

# ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



फरीदाबाद की आवाज

**रेवाड़ी।** गांव माजरा श्योराज स्थित दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस पर बच्चों ने भाषण के माध्यम से इस दिन के महत्व के विषय में बताया कि किस तरह सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे फतेह सिंह व जोरावर सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए कम उम्र में ही अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। उनके इस बलिदान से सभी प्रेरणा ले सके। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष से इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्देश दिया।

सभी छात्र इन वीर बच्चों की कहानी के बारे में जानकर भाव व प्रभावित होते हुए नजर आए । बच्चों द्वारा ड्राइंग के माध्यम से वीर फतेह सिंह व जोरावर की चित्र भी उत्साह पूर्वक बनाए गए। विद्यालय अध्यक्षा सुनीता यादव, प्रधानाचार्य आदित्य दुबे व उप प्रधानाचार्या मंजू यादव ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत की तथा बच्चों को बाबा फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह की तरह अपने देश की रक्षा करने में वीर बनने का संदेश दिया।

# रेवाड़ी के नरेंद्र ने अंटार्टिका महाद्वीप की विनसन मैसिफ चोटी पर लहराया तिरंगा

फरीदाबाद की आवाज

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के गांव नेहरुगढ़ के युवा पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने अंटार्टिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विनसन मैसिफ पर्वत (4892 मीटर) को फतह कर भारतीय ध्वज तिरंगा लहराया। यह चोटी फतह कर नरेन्द्र ने जहां सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने का सपना पूरा कर लिया है, वहीं देश के पहले युवा पर्वतारोही होने का रिकार्ड कायम किया है।

जानकारी देते नरेन्द्र यादव ने कहा कि 25 दिसम्बर को उसने चोटी विनसन मैसिफ को फतह किया था। इस समय पर्वत का तापमान लगभग -52 डिग्री सेल्सियस चल रहा था। इस अभियान में बेस कैम्प से बेस कैम्प 6 दिन का समय लगा। अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। इस अभियान में उसने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने स्पॉन्सर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अशोक मिंडा ने एक साधारण किसान परिवार के बच्चे की काबलियत को समझा। जिसके चलते मैंने विश्व पटल पर भारत का नाम अंकित किया है सातों महाद्वीपों को फतेह करने का सपना हुआ पूरा~ सेना जवान कृष्णचंद के बेटे नरेंद्र का सपना सभी सात महाद्वीपों को फतह कर विश्व रिकॉर्ड बुक में अपनी छाप छोड़ने का सपना पूरा



हुआ। नरेंद्र ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर फतह कर कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने 2012 में बेसिक्स ऑफ माउंटेनियरिंग, 2013 में एडवांस, 2015 में एमओआई (मेथड्स ऑफ इंस्ट्रक्शन) और 2022 में सर्च एंड रेस्क्यू समेत सभी प्रमुख पर्वतारोहण पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं। नरेंद्र ने 2016 और 2022 दोनों ही बार बिना किसी अनुकूलन के सिर्फ छह दिनों में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। उन्होंने माउंट किलिमंजारो को चार बार, माउंट एल्ब्रस को दो बार ट्रैवर्स के जरिए और माउंट कोसियसको सहित ऑस्ट्रेलिया की दस सबसे ऊंची चोटियों पर तीन बार फतह किया है। इसके अलावा, उन्होंने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी एकॉनकागुआ और उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी डेनाली पर भी फतह की है। नरेंद्र की पर्वतारोहण यात्रा 12 वर्ष की आयु में उनके स्कूल के दिनों में शुरू हुई, जब उन्होंने जम्मू और कश्मीर की पहाडियों पर चढना शुरू किया। उन्होंने 2008 में नियमित रूप से पर्वतारोहण का अभ्यास करना शुरू किया। 19 वर्ष की आयु में, वे 6,512 मीटर ऊंची भागीरथी-2 और 5,612 मीटर ऊंची डीकेडी-2 पर चढने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए थे। उन्होंने कालिंदी दर्रा, वासुकी ताल दर्रा को भी सफलतापूर्वक पार किया और लेह और गढ़वाल में चोटियों पर चढ़े। नरेंद्र को विभिन्न वैश्विक रिकॉर्ड संस्थानों द्वारा ÷विश्व सम्राट÷ के रूप में सम्मानित किया गया है और उन्होंने पर्वतारोहण में 22 प्रभावशाली विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस चढ़ाई को पूरा करके, वह सात शिखरों को प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष पर्वतारोही बन गए है वर्तमान में, सात शिखरों को पूरा करने का रिकॉर्ड एक पर्वतारोही के पास है, जिसकी उम्र 34 वर्ष, 7 महीने और 16 दिन थी। नरेन्द्र का लक्ष्य 30 वर्ष और 10 दिन की आयु में इस रिकार्ड को तोड़ दिया है तथा यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल कर विश्व के पहले युवा पुरुष पर्वतारोही बन गए हैं।

# अभद्र टिप्पणी करने पर संगठनों ने गृहमंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**रेवाड़ी।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान डा. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अभद्र व अवांछनीय टिप्पणी करने के मामले में विभिन्न संगठनों ने रोष प्रकट किया। मामले को लेकर संगठन शहर के गुरु रविदास मंदिर में बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता हंसराज चौधरी ने की। उसके बाद सभी संगठनों ने शहर के सरकुलर रोड पर प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि गृहमंत्री द्वारा ऐसी अवांछनीय टिप्पणी करने पर गृहमंत्री को पद से हटाने व देश से माफी मांगने की मांग की गई। आज के प्रदर्शन में मुख्य रूप से गुरु रविदास मंदिर कमेटी, माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था, सेवा स्तंभ, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा, रोहिल्ला राजपूत संगठन, जाटव समाज, बाल्मीकि समाज, प्रजापति समाज, धानक समाज, यादव समाज, जाट समाज, भीम आर्मी, अखिल भारतीय मानव कष्ट निवारण समिति आदि शामिल रहे। बुद्धराम पंवार, हंसराज चौधरी व भगत सिंह सांभरिया ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि भारतवर्ष के संसदीय इतिहास में पहली बार देश के गृहमन्त्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर की गई अभद्र एवं अवांछनीय टिप्पणी 'अब यह फैशन हो गया ...अम्बेडकर.. अम्बेडकर.. अम्बेडकर.. अम्बेडकर.. अम्बेडकर.. अम्बेडकर ..अम्बेडकर, यदि इतने नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता'। उन्होंने कहा कि यह कथन गृहमन्त्री की निकृष्ट मानसिकता को दर्शाता है जबकि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर उच्च कोटि के विद्वान, विधिवेता, समाजशास्त्री, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और मानवीय एकता, समानता व समरसता के हितैषी थे। उनके द्वारा लिखित संविधान संसार भर में अद्वितीय है। सारी दुनिया बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान को श्रद्धापूर्वक नमन करती है

# उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर, समस्याओं से मिल रहा छुटकारा

**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र कुमार ने 12 शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से निदान किया जाना चाहिए।

एसडीएम रविंद्र कुमार के समक्ष गुरुग्राम शहर व आसपास के गांवों से आए नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, आपसी विवाद, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण आदि से संबंधित 12 शिकायतें रखी। देवीलाल कालोनी निवासी कुलदीप पासवान ने एसडीएम को बताया कि उसके परिवार पहचान पत्र में वास्तविक आय से अधिक आय दर्शाई है। इस संदर्भ में वह क्रिड के कर्मचारियों को बैंक स्टेटमेंट आदि सभी तरह के प्रमाण दे चुका है। इसके बावजूद उसकी इनकम पीपीपी से कम नहीं की जा रही। इस पर एसडीएम ने शिकायत की जांच कर सही पीपीपी बनवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव पथरेड़ी निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उनके गांव में कुछ लोगों ने आम रास्ते को बंद कर दिया है। उनकी गली में 22 घर है और केवल साढे पांच फुट का रास्ता है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

## क्राइम डायरी

# 5 किलो 270 ग्राम चुरा डोडा पोस्त सहित आरोपी को अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार



फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद-** बता दे कि अपराध शाखा टीम 25 दिसम्बर को खेडीपुल एरिया में गस्त पर थी गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी राजेश को खेरीपुल सब्जी मंडी फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी से मौके पर 5.270 किलोग्राम चुरा डोडा पोस्त बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना खेडीपुल में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी राजेश वासी गाँव चन्दोका जिला बदायु उत्तर प्रदेश हाल- जवाहर कालोनी फरीदाबाद में रह रहा है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चुरा डोडा पोस्त को किसी व्यक्ति से बदायु उत्तर प्रदेश से 10000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी अभी 6 दिन पहले ही फरीदाबाद आया था। आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# गैंग रेप के मामले में वांछित आरोपी के साथ अपराध शाखा सेक्टर-30 की मुठभेड़, सभी 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद-** 23 दिसम्बर की रात को ड्यूटी से घर जाते समय एक लड़की को किडनैप करके गैंग रेप करने की शिकायत पर थाना भूपानी में 24 दिसम्बर को दुष्कर्म की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। ~~पीडिता ने शिकायत में बतलाया कि 23~~ दिसम्बर को ड्युटी के बाद ऑटो से घर जा रही ~~थी। जब ऑटो से उतरी तो वहां पर पहले से ही~~ ट्रक में 3 व्यक्ति खडे थे और जहां पर पीडिता का अपहरण करके ट्रक में बैठा लिया और सुनसान जगह पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले की गम्भीरता के मध्यनजर संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल के दिशा-निर्देश, पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के मार्गदर्शन पर वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निरीक्षक अनिल कुमार, प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर 30 फरीदाबाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। अपराध शाखा



टीम द्वारा मुठभेड के बाद आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में प्रेसवार्ता के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने बताया कि 23 दिसम्बर को रात के समय पीडिता महिला अपनी ड्युटी के बाद अपने घर जा रही थी। जब वह ऑटो से उतरी तो पहले से ही खडे 3 व्यक्तियों ने पीडिता का अपहरण कर ट्रक में बैठाकर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया। शिकायत पर थाना भूपानी में मामला पंजीकृत किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम को कार्यवाही के लिए नियुक्त किया गया। 48 घंटे की कडी मेहनत के बाद निरीक्षक अनिल, प्रभारी अपराध शाखा के नेतृत्व में अपराध शाखा टीम ने 25 दिसम्बर को अपराधियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की। अपराध शाखा की टीम को सूचना मिली थी कि चांदी वाला बाग अमृता अस्पताल के पास आरोपी मौजूद है। जब टीम वहां पहुंची तो मौके पर आरोपी राकेश वासी नचौली को काबू कर लिया तथा आरोपी मुकेश वासी शेरगढ़ किढारी, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश हाल चांदी वाला बाग अमृता अस्पताल फरीदाबाद, मौके देखकर भागने लगा। टीम ने उसका पिछ किया, जो आरोपी के पास अवैध हथियार था, आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। अपराध शाखा टीम ने जबावी कार्यवाही की, जबावी कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लगी। आरोपी को काबू किया गया और तुरंत ईलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। आरोपी की स्थिति सामान्य है। मौके से देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है। आरोपियो को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग ट्रक बारमद किया जाएगा।

# फरीदाबाद पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहार, 46 किलोग्राम गांजा बरामद, 2 महिला सहित 3 आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बता दें कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध नशा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जागरुकता कार्यक्रमों के साथ-साथ नशा तस्करों पर भी प्रहार किया जा रहा है। इसी क्रम में अपराध शाखा सेन्ट्रल द्वारा 46 किलो 50 ग्राम गांजा बारमद कर के 2 महिला सहित 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय ने बतलाया कि अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम सेक्टर-58 एरिया में गस्त पर थी टीम को अपने गुप्त सूत्रों से अवैध नशा गांजा बारे सूचना प्राप्त हुई। जिसपर कार्यवाही करते हुए सेक्टर 58 से दो महिला सहित तीन आरोपियों को काबू किया। आरोपियों से मौके पर 46 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसपर आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में वसीम निवासी कोसी कलां जिला मथुरा उत्तर प्रदेश, बबली कौर वासी चन्दर विहार नितोली नागलोई पश्चिम विहार दिल्ली, आशा कौर वासी तिलक विहार तिलक नगर पश्चिम दिल्ली के नाम शामिल है।

# महिलाओं को न्याय दिलाना है प्राथमिकता- सुनीता कुमारी निरीक्षक

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** बता दे कि हरियाणा में ड्युटी के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को गुड़ गवर्नेंस पोर्टल के माध्यम से सरकार द्वारा 2024 गुड़ गवर्नेंस अवॉर्ड के लिए चुना गया। यह अवॉर्ड पुलिस अधिकारियों को उनकी कार्यशैली, आमजन के प्रति व्यवहार, थाने में दर्ज मुकदमे का जल्द निपटारा, पुलिस की छवि को जनता में बढ़ाने व अन्य बेहतरीन कार्यो को देखकर दिया गया। फरीदाबाद से बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता कुमारी को गुड़ गवर्नेंस अवॉर्ड 2024 के लिए चुना गया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा उनको अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अभिषेक जोरवाल पुलिस उपयुक्त मुख्यालय, कुशलपाल सिंह पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खुद ही गायब होने की रची साजिस, अपहरण होने का परिवार के पास भेजा झुठा मैसेज, 30 हजार रु देकर छुडा लो

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** बता दे कि 23 दिसम्बर को पुलिस चौकी अग्रसेन चौकी में बॉबी निवासी भाटिया कालोनी बल्लबगढ फरीदाबाद ने शिकायत देकर बतलाया कि उसका बेटा लक्की उम्र 22 साल 17 दिसम्बर को मोटर साईकिल लेकर बिना बतलाये घर से चला गया है। 22 दिसम्बर को उसके लडके का फोन आया कि मेरे फोन पर पैसे ड़लवा दो। जिसका मामला थाना शहर बल्लबगढ़ में दर्ज कर लडके की तलाश की जा रही थी। मामले में अपराध शाखा ऊँचा गाँव की टीम ने कार्यवाही करते हुए अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी सहायता से लक्की को बल्लबगढ़ सेक्टर-2 से तलाश कर लिया है। पूछताछ पर लक्की ने बतलाया कि उसने अपने परिवारजन को व्हटसएप मैसेज करके अपना अपहरण होने बारे झुठी सूचना दी और यह भी मैसेज किया कि 30 हजार रुपए छोडने के ऐवज में मांग रहे है। उसके द्वारा ही पैसे के लिए मैसेज किया जा रहा था। उसका किसी के द्वारा अपहरण नही किया गया था।



अपराध शाखा की टीम ने लक्की को तलाश कर पुलिस चौकी अग्रसेन के हवाले किया है।

# स्नौचिंग के मामले में 2 आरोपियो को अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** बता दे कि फरीदाबाद पुलिस की अपारध शाखाओं द्वारा पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव के नेतृत्व में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अपराध शाखा सेक्टर-48 के टीम ने स्नैचिंग के मामले में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय 18 दिसम्बर को पिंकी कुमारी वासी जमशेदपुर झारखंड ने पुलिस चौकी संजय कालोनी में दी अपनी शिकायत में बतलाया कि 17 दिसम्बर को पर्वतीय कालोनी से गोछी रोड पर पैदल पैदल जा रही थी। तभी रास्ते में अचानक से दो युवक एक बाईक पर आए और झप्पटा मारकर उसके गले से सोने का मगंलसुत्र छिन कर फरार हो गए। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 ने 2 आरोपियो को प्याली



चौक एरिया से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपिय में रवि वासी नंगला इंक्लेव सारन व पंकज वासी जवाहर कॉलोनी का नाम शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने 17 दिसम्बर को सड़क पर पैदल चल रही महिला का मंगलसूत्र छिना था और जिसको आज बेचने की फिराक में घूम रहे थे। दोनों आरोपियो से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल व मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार आरोपी रवि पर पूर्व में भी 2 मामले स्नैचिंग के दर्ज है। दोनों आरोपी दोस्त है। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



# टूटे हुए कांच के टुकड़ों का कुछ इस तरह से करें रियूज

**अक्सर हम सभी टूटे हुए कांच के टुकड़ों को फेंक देते हैं। लेकिन अब जब भी आपको टूटे हुआ कांच मिले तो उसे फेंकने की बजाय उसका नए तरीके से इस्तेमाल करें। आप कांच के टुकड़ों से कई चीजें बना सकती हैं और पुरानी चीजों को नया लुक भी दे सकती हैं। जी हां, यह एक दम सच है। आज हम आपको बताएंगे कि आप टूटे हुए कांच के टुकड़ों से आप क्या-क्या बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में।**

## फ्रेम बनाएं

अगर आप टूटे कांच को फेंक देती हैं तो अगली बार ऐसा न करें क्योंकि आप टूटे हुए कांच से घर की दीवारों को सजा सकती हैं। जी हां, आप कांच के टूटे हुए टुकड़ों से एक बेहद ही सुंदर फ्रेम बना सकती हैं। यह फ्रेम आपके घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाएगा। साथ ही कुछ सावधानियां बरतते हुए आप आसानी से कांच से फ्रेम बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

### आवश्यक सामान

- कैनवास
- कांच के टूटे हुए टुकड़ें
- फैब्रिक पेंट
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- कांच के टूटे हुए टुकड़ों से फ्रेम बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कैनवास चाहिए होगा। आप कैनवास का साइज अपने घर की दीवार के हिसाब से चुन सकती हैं।
- इसके बाद फ्रेम को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए आपको कांच के टुकड़ों को पेंट करना होगा।
- कांच के टुकड़ों को अलग-अलग कलर्स से पेंट कर लें।
- पेंट करने के बाद उन्हें सूखने के लिए कुछ देर हल्की धूप में रख दें।
- जब कांच पर पेंट सूख जाएं इसके बाद व्हाइट कैनवास पर इन्हें ग्लू की मदद से चिपका लें।
- आप चाहें तो कांच के टुकड़ों को किसी पैटर्न में भी चिपका सकती हैं। इससे आपका फ्रेम मीनिंगफुल लगेगा
- लीजिए तैयार है आपका कांच के टुकड़ों से बना फ्रेम।

## टेबल टॉप सजाएं

अगर आप फर्नीचर पुराना हो गया है तो आप अपने टेबल की टॉप को कांच के टुकड़ों से सजा सकती हैं। इससे आपके टेबल टॉप को नया लुक मिल जाएगा और अब आप दोबारा इसका इस्तेमाल कर पाएंगी। चलिए जानते हैं कैसे सजाएं कांच के टुकड़ों से टेबल टॉप को।

### आवश्यक सामान

- कांच के टुकड़े
- ग्लू
- टेबल

### बनाने का तरीका

- अगर आपका टेबल पुराना हो गया है तो उसे नया लुक देने के लिए आप कांच के टुकड़ों से टेबल के टॉप को सजा सकती हैं।
- इससे आपके टेबल को एक नया लुक मिलेगा।
- टेबल टॉप को सजाने के लिए सबसे पहले लकड़ी के टेबल पर ग्लू की मदद से कांच के टुकड़ों को चिपका लें।
- आप कांच के टुकड़ों को किसी भी तरीके से चिपका सकती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका नया टेबल टॉप।

## गमला सजाएं

अब आपको बाजार से मंहगे और सजावटी गमले खरीदने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि अब आप बेहद ही कम पैसे खर्च करके आसानी से घर पर गमले को सजा सकती हैं। आप कांच के टुकड़ों से गमला भी सजा सकती हैं। इसके लिए बस आपको कोई पुराना गमला चाहिए होगा। चलिए जानते हैं इसे कैसे बनाया जाता है।



### आवश्यक सामान

- गमला
- कांच के टुकड़े
- फ्रैबिक कलर्स
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- गमले को नया लुक देने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से साफ कर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि गमले के बाहरी हिस्से पर किसी भी प्रकार की गंदगी जमी नहीं होनी चाहिए।
- इसके बाद कांच के टुकड़ों को एक ही कलर से पेंट कर लें।
- एक ही रंग आपके गमले को और भी सुंदर बनाएंगे।
- पेंट करने और सूखने के बाद ग्लू की मदद से एक-एक करके कांच के टुकड़ों को गमले पर चिपका लें।
- इस प्रकिया को तब तक दोहराएं जब कि आप पूरे गमले पर कांच के टुकड़े नहीं चिपका लेती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका खूबसूरत गमला।

## इन बातों का रखें खास ध्यान

- आपको कांच के टुकड़ों को पकड़ने के लिए गलव्स का इस्तेमाल करना चाहिए।
- इन कांच से बनी चीजों को अपने बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- इस बात का ध्यान रखें कि जब आप कांच के टुकड़ों से चीजें बना रही हों तो आपके आस- पास लोग न हों।



# आपके पसंदीदा रंग में छिपा है आपके व्यक्तित्व का राज

**हर व्यक्ति का अपना पसंदीदा रंग होता है। पसंदीदा न होने पर भी, हर किसी की रंगों के लिए कुछ प्राथमिकताएं जरूर होती हैं। आमतौर पर हर कोई अपनी पसंद के रंग के हिसाब से ही कपड़े पहनता है। रंग का चुनाव ऐसा होता है जो आपके बारे में बहुत कुछ बताता है कि आप कैसे कार्य करते हैं, आपका व्यक्तित्व कैसा है, आपका स्वभाव कैसा है और दूसरे आपको कैसे देखते हैं। वैसे जरूरी नहीं है कि आपके व्यक्तित्व का रंग वही हो जो आप हमेशा पहनते हैं, यह आमतौर पर वह रंग होता है जो आपको सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। लेकिन ये वास्तविकता है कि किसी भी व्यक्ति का पसंदीदा रंग उसके बारे में बहुत कुछ बयां करता है।**

## काला रंग

यदि आपको काला रंग पसंद है, तो इस बात की तरफ इशारा करता है कि आप स्वभाव से शर्मीले हैं लेकिन जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, अपने मन की बात कहने में विश्वास करें। आप आसानी से निराश नहीं होते हैं और जीवन की हर बाधा को दूर करने का प्रयास करते हैं। आप शक्ति और नियंत्रण के लिए प्रयास करते हैं, आप अपनी बातों को गोपनीय रखने पर जोर देते हैं और किसी के सामने खुली किताब की तरह नहीं आते हैं। केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही जानते हैं कि आपके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। आप अपने आस-पास और अपने द्वारा की जाने वाली चीजों में भी निर्मलता बनाए रखना पसंद करते हैं।

## लाल रंग

लाल रंग आमतौर पर खतरे का संकेत देता है। हालांकि, रंगों का अर्थ विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग होता है। अगर आपको लाल रंग पसंद है तो बताता है कि आप बाहरी दुनिया को पसंद करने वाले स्वभाव के हैं। आप आसानी से दोस्त बना सकते हैं और अजनबियों से बात कर सकते हैं। आप अपना जीवन एक राजा या रानी की तरह जीने में विश्वास रखते हैं। आप बिना किसी डर के अपने सपनों (जानें सपनों का मतलब) को समर्पित रहते हैं और उनके पीछे भागते हैं। इतना ही नहीं आप हर हाल में अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

## गुलाबी रंग

आपका व्यक्तित्व आकर्षक है और आप अपने आस-पास के लोगों को सहज महसूस कराते हैं। आप स्वभाव से भावुक हैं और अपनी भावनाओं का सामना करने से नफरत करते हैं। आप अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित बनाए रखना पसंद करते हैं क्योंकि आप दोनों को समान रूप से महत्व देते हैं। आप सपने देखने वाले स्वतंत्र उत्साही स्वभाव के व्यक्ति हैं।

## नीला रंग

आपकी पसंद के रंग के हिसाब से ऐसा हो सकता है कि जब आप बहुत ही मधुर और मृदुभाषी दिखने की कोशिश करते हैं, तो लोगों को यह नहीं पता होता है कि आपके पास एक और पक्ष है जहां आप कठिन परिस्थितियों में अपने लिए खड़े हो सकते हैं। आप वफादार हैं और दोस्तों और परिवार के बहुत करीब हैं। आप स्वभाव से बहुत अधिक संवेदनशील भी हैं और नाटकीय परिस्थितियों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

## हरा रंग

यदि आपका पसंदीदा रंग हरा है तो आप एक स्वतंत्र उत्साही व्यक्ति हैं और जीवन में रोमांच का आनंद लेते हैं। आप एक अत्यंत सामाजिक, अविश्वसनीय, स्नेही और वफादार व्यक्ति हैं। हालांकि, आप अक्सर बेचैन रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक चतुर व्यक्ति हैं, जो व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में सहज समझ रखते हैं।

## सफेद रंग

आप हर चीज में अच्छाई देखना पसंद करते हैं। आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो लोगों को शांत कर सकते हैं और स्वयं शांत रहने में विश्वास करते हैं। आप अक्सर अपने शब्दों को सावधानी से चुनते हैं और हर कोई आपके बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है। आप एक दयालु आत्मा हैं और लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, भले ही वे अजनबी क्यों न हों।

## पीला रंग

यह परिभाषित करता है कि आप एक बहुत ही दिलकश स्वभाव के व्यक्ति हैं। आप आशावादी हैं और गलत होने वाली चीजों को छोड़ने से इंकार करते हैं। आप बहुत ज्यादा भरोसेमंद हैं और हमेशा जीवन के उज्जवल पक्ष को देखते हैं। आप गौरवशाली हैं और किसी भी जगह पर अपनी राय देने से डरते नहीं हैं। आपके व्यक्तित्व की वजह से लोग आपकी कंपनी पसंद करते हैं।

## पर्पल कलर

आप एक कहानीकार हैं और दूसरे लोगों के विचार और राय सुनना पसंद करते हैं। आप स्वभाव से होशियार और मजाकिया हैं। आपको लोगों को सलाह देना पसंद है और आप इसे अपने दिल से पसंद करते हैं। आप स्वभाव से स्वतंत्र हैं और अपने आप में ऐसी क्षमता रखते हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती है।
इस तरह आपके पसंद के रंगों से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। हालांकि ये एक सामान्य अवधारणा है और हर एक व्यक्ति के हिसाब से अलग प्रभाव डालती है।





# बच्चे का हौसला बनें

**सारा साल पढ़ाई स्कूल जाने के बाद बच्चों में जहां फाइनल एग्जाम का डर बना रहता है, वहीं इस बात की खुशी भी होती है कि वह नई क्लास में जाने वाले हैं। इसी के साथ पेरेंट्स को यह परेशानी सताती है कि कहीं इस बार पढ़ाई में उनके बच्चे के आगे कोई और स्टूडेंट न निकल जाए। अव्वल आने की इस होड़ में पेरेंट्स द्वारा बनाया गया दवाब उनके लिए मानसिक परेशानी बन जाता है। ऐसे में बच्चो को डांट-फटकार कर पढ़ाने की बजाए उनकी प्रॉब्लम को समझने की जरूरत है। कई बार तो कुछ पेरेंटस बच्चों को न पढ़ने पर सजा भी देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत बात है। मनोविज्ञानिक भाषा में इस समस्या को एंग्जाइटी डिसऑर्डर कहते हैं। बच्चे को इसमें धकेलने की बजाए इससे निकालने की कोशिश करें।**

## एंग्जाइटी डिसऑर्डर

बहुत से बच्चों में यह समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या के कारण उनका स्वभाव बहुत ही चिड़चिड़ा हो जाता है, जिसके कारण वह जो कुछ भी परीक्षा के लिए याद करते है वह सब कुछ भूल जाते हैं। फेल होने का डर, आत्मविश्वास में कमी भी इसी समस्या की निशानी है। कई बार तो तनाव से ग्रसित बच्चे घर से स्कूल के लिए निकल जाते हैं लेकिन स्कूल पहुंचते ही नहीं। इसी वजह से कुछ बच्चे गलत संगत में भी फंस जाते हैं। ऐसे में माता-पिता को उसे डांट कर पढ़ाने की बजाए प्यार से समझाने की जरूरत है। पढ़ाई में आने वाली मुश्किलों के लिए डांटें नहीं बल्कि उनकी मदद करें। इन तरीकों से तनाव रहित कर सकते हैं।

## टाइम-टेबल को दें अहमियत

अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे परीक्षा के दिनों में घबराएं नहीं तो आप शुरू में ही उनकी पढ़ाई का टाईम-टेबल बनाएं ताकि समय रहते उनका पाठ्यक्रम पूरा कर सकें। जिससे बाद में उन्हें स्लेबस दोहराने का भी टाईम मिल जाए। इसे अपनाने से उन्हें परीक्षा के दिनों में किसी तरह का डर नहीं रहेगा और वह जो भी याद करेंगे, उसे कभी भी भूलगा नहीं।

## पेपर पैटर्न को समझना जरूरी

एग्जाम में बैठने से पहले बच्चों को पेपर का तरीका समझने की बहुत जरूरत होती है। इससे बच्चे को किसी तरह की कंफ्यूजन नहीं रहेगी। ऐसे में आप बच्चे को पिछली बार का पैटर्न पेपर हल करने को दें। इस से भी उनका तनाव बहुत कम होगा। फाइनल परीक्षा में उसे किसी तरह की घबराहट नहीं होगी।

## परीक्षा में जाने से पहले

डेट शीट आ जाने पर खुद भी बच्चे के साथ कमर कस लें। उसे पौष्टिक आहार खिलाएं ताकि किसी तरह की कमजोरी उसके प्रदर्शन में बाधा न बने। दूध, ड्राई फ्रूट, दहीं, सूप, सलाद आदि बैस्ट हैं। उस पर किसी तरह का दवाब न डालें, कुछ भी नया पढ़ाने की कोशिश न करें। ऐसा करने से वह पहला पढ़ा भी भूल सकता है। पढ़ाई के अलावा थोड़ा हंसी-मजाक, गेम्स या फिर उसका फेवरेट प्रोग्राम भी देखने को दें लेकिन इसका समय सीमित होना बहुत जरूरी है। इससे वह परीक्षा अच्छे से दे पाएगा।

## परीक्षा शुरू होने पर

सबसे पहले परीक्षा में वहीं प्रश्न का जबाव देने की सलाह दें जो उन्हें अच्छी तरह से आता हो। बच्चें प्रश्न पत्र को पढ़ने में हड़बड़ी न करें। अगर आपको किसी प्रश्न का जबाव नहीं आता। उस पर उलझे रहने की बजाए अगले सवाल को हल करें। सारा पेपर हल करने पर इसे जमा करने से पहले एक बार जांच लें। समय सीमा के बारे में बच्चे को बताना भी बहुत जरूरी है।





# साड़ी के साथ स्टाइल की जा सकती हैं यह डिफरेंट स्टाइल बेल्ट

**अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।**

साड़ी हमेशा ही भारतीय महिलाओं के स्टाइल का एक अहम हिस्सा रही है। चाहे घर हो या ऑफिस, महिलाएं इसे हर जगह पहनना पसंद करती हैं। साड़ी आउटफिट के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से बेहद आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह आपको हर बार एक न्यू लुक मिलता है। हालांकि, अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। तो आज हम आपको कुछ ऐसी बेल्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं और आप भी उसे आसानी से कैरी कर सकती हैं।

## लेदर बेल्ट

अगर आप एक स्टाइल एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेदर बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। आमतौर पर, लेदर बेल्ट को जींस या पैंट सूट के साथ पेयर किया जाता है। लेकिन अगर आप साड़ी में अपने स्टाइल को यूनिक बनाना चाहती हैं तो लेदर बेल्ट को स्टाइल करें। हालांकि, लेदर बेल्ट को साड़ी के साथ पहनते समय ध्यान दें कि आपकी साड़ी का कलर भी थोड़ा लाइट ही हो।

## वाइड बेल्ट

अगर आप अपनी बेल्ट को ही अपने ओवर ऑल लुक में सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एक वाइड बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। साड़ी के साथ वाइड बेल्ट देखने में काफी अच्छी लगती हैं। इन वाइड बेल्ट में आप मैचिंग बेल्ट से लेकर एंब्रायडिड बेल्ट का ऑप्शन चुन सकती हैं।

## मैचिंग बेल्ट

यह एक ऐसा लुक है, जो अमूमन महिलाओं को इन दिनों काफी पसंद आ रहा है। इस लुक में आप अपनी साड़ी से मैचिंग बेल्ट को स्टाइल करें। आमतौर पर, इस लुक में आपकी साड़ी से मैचिंग ब्लाउज होता है और उसी मैचिंग फैब्रिक व कलर की बेल्ट को आप साथ में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह आपको बेल्ट में एक सटल लुक मिलता है, जो देखने में काफी अच्छा लगता है।

## एंब्रायडिड बेल्ट

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड बेल्ट के ऑप्शन को चुन सकती हैं। यह बेल्ट आपके लुक को बेहद स्टनिंग बनाता है। इस बेल्ट की मदद से एक सिंपल साड़ी को भी डिजाइनर लुक दे सकती हैं। आप चाहें तो फ्रिल साड़ी के साथ भी एंब्रायडिड बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं।

## थिन सिल्वर बेल्ट

यह आपको एक बेहद ही एलीगेंट लुक देता है। इस लुक में आप प्लेन साड़ी के साथ भी थिन सिल्वर बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप केजुअल्स से लेकर पार्टी तक में आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस बेल्ट की खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह की साड़ी के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

## ब्लैक बेल्ट

अगर आप एक ऐसी बेल्ट की तलाश में हैं जो हर तरह की साड़ी के साथ जचे तो ऐसे में आप ब्लैक बेल्ट को अपनी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप ब्लैक बेल्ट में भी डिफरेंट स्टाइल के ऑप्शन को चुन सकती हैं। खासतौर से, रेड कलर साड़ी के साथ ब्लैक बेल्ट बेहद ही स्टनिंग लुक देती है।



# साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में अहम रोल निभाने वाले हैं सोहेल खान

**कई बॉलीवुड एक्टर साउथ की फिल्मों में अब अभिनय करते हुए नजर आने लगे हैं। बॉबी देओल के बाद अब एक्टर सोहेल खान भी साउथ की फिल्म में नजर आएंगे, इस फिल्म का उनका पहला लुक हाल ही में सामने आया है। उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।**

### एक्शन फिल्म है 'एनकेआर 21'

नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है। यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है।

### मिल रहा है नेगेटिव रोल का फील

सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। सोहले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है। वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं। सोहेल का यह लुक नेगेटिव रोल वाली फीलिंग दे रहा है। फिल्म 'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के किरदार काफी पावरफुल बताए जा रहे हैं। इन दोनों के किरदारों का आमाना-सामना दर्शक होते हुए देखेंगे। यह फिल्म सोहेल खान की साउथ में पहली फिल्म होगी। सोहेल ने बतौर एक्टर बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है, वह कॉमेडी, एक्शन, रोमांटिक सभी तरह के रोल कर चुके हैं। अब लगता है कि साउथ की फिल्म 'एनकेआर 21' में वह नेगेटिव किरदार निभाकर, दर्शकों को हैरान कर सकते हैं।इस फिल्म को लेकर सोहेल खान भी काफी एक्साइटेड हैं।

### फिल्म की टीम है खास

'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के अलावा भी सई मांजेकर, श्रीकांत, पृथ्वीराज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी कर रहे हैं। इस फिल्म में अजनीश लोकनाथ ने म्यूजिक दिया है। सीनियर एक्ट्रेस विजयाशांति भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी।



# कई बार ऐसा लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए।

ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।

### इन फिल्मों में नजर आए सितारे

अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आईं थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता फुकरे फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे।

### निर्माता के तौर पर सामने आए कपल

वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं। अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। फिल्म में प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण के साथ कनी कुसरुति मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है।



# पुष्पा 3 का निर्माण जल्दी करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन, आगे खिसकाई त्रिविक्रम की फिल्म!

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब पुष्पा 3 को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### पुष्पा 3 पर तेजी से काम करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा दर्शक मिले। ऐसे में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म से मिली सफलता और लोगों से उत्साह को कम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में जल्द से जल्द पुष्पा 3 का निर्माण करना चाहते हैं, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। वहीं, अब निर्माताओं के साथ मिलकर अल्लू अर्जुन इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म

हालांकि, अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पर काम करना था। अब पुष्पा 3 के लिए निर्देशक सुकुमार के साथ मिलकर काम करने से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पूरी करने की उनकी मूल योजना खतरे में पड़ सकती है। इस बीच सुकुमार भी राम चरण के साथ एक फिल्म निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# आयुष्मान और रश्मिका की 'थामा' का इंट्रोडक्टरी शूट हुआ पूरा, फिल्म से जुड़ी अपडेट आई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की आधिकारिक घोषणा की। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेश रावल के साथ आयुष्मान और रश्मिका ने फिल्म के इंट्रोडक्ट्री सीन शूट किए हैं। कथित तौर पर फिल्म से नवाजुद्दीन सिद्दिकी के किरदार से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। आइए जानते हैं फिल्म की अगला शूट कहां होगा।

### इस दिन शूट किया गया सीन

रिपोर्ट्स के मुताबिक आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल ने 12 दिसंबर, 2024 को रात के शेड्यूल के साथ शूटिंग शुरू की। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा', निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया की अगली किस्त होगी। फिल्म को अक्तूबर 2024 में ही शुरू किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई।

### दिल्ली में हो सकता है अगला शूट

कहा जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2025 में लगातार शूटिंग शेड्यूल के लिए दिल्ली में फिर से इकट्ठा हो सकती है। राजधानी में एक महीने की फिल्मांकन के बाद, वह फरवरी 2025 में ऊटी जाएंगे, जहां नवाजुद्दीन सिद्दीकी कलाकारों में शामिल होंगे।

### ऊटी के जंगलों में चलेगी लंबी शूटिंग

रिपोर्ट्स की माने तो ऊटी के जंगलों में लंबी शूटिंग की योजना बनाई गई है, क्योंकि नवाजुद्दीन के किरदार को जंगल में रहते हुए दिखाया गया है। खलनायक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर शीतल शर्मा द्वारा डिजाइन किए गए एक अनोखे लुक में नजर आएंगे। आदित्य सतपोदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'थामा' दिवाली 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।

गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है।



# टीवी सेलिब्रिटी दिखाएंगे मास्टर शेफ में कुकिंग का हुनर, फराह खान-रणवीर बरार होंगे जज

मास्टर शेफ को पसंद करने वालों की संख्या काफी है। इस शो के जरिए आम लोगों को भी अपने खाना बनाने के हुनर के कारण सेलिब्रिटी शेफ बनने का मौका मिला है। देश में आज कई ऐसे बड़े शेफ हैं, जो 'मास्टर शेफ' में बतौर प्रतियोगी आए और बाद में सेलिब्रिटी शेफ बन गए। अब इस शो में टीवी के नामी सेलिब्रिटीज नजर आएंगे और अपनी कुकिंग का हुनर दर्शकों को दिखाएंगे। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' जल्द ही शुरू होने वाला है।

### मिलेंगे मुश्किल कुकिंग टास्क

सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है। यह वीडियो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का नया प्रोमो है। इसमें शेफ रणवीर बरार, एक मुश्किल कुकिंग टास्क प्रतियोगियों को देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही निर्देशक, कोरियोग्राफर फराह खान भी नजर आती हैं। इस वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- 'जिन्हें देखकर पूरा इंडिया सीटी बजाता था, अब उन सबकी सीटी बजेगी।'

### दीपिका कक्कड़ की टीवी पर वापसी




इस शो में जो टीवी सेलिब्रिटी नजर आएंगे, उनमें से एक दीपिका कक्कड़ भी है। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। अब साफ हो गया है कि 'मास्टर शेफ' के जरिए दीपिका एक बार फिर से टीवी पर नजर आएंगी।

### गौरव खन्ना भी होंगे शामिल

टीवी सीरियल 'अनुपमा' छोड़ने के बाद गौरव खन्ना भी अब 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगे। वह दिखाएंगे कि एक्टिंग करने के अलावा उन्हें अच्छी कुकिंग करनी भी आती है।

### तेजस्वी प्रकाश भी आएंगी नजर



तेजस्वी प्रकाश कई टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं। वह 'बिग बॉस 15' जीत भी चुकी हैं। अब तेजस्वी प्रकाश भी 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगी।

# महेश बाबू की SSMB29 से जुड़ सकती हैं प्रियंका

पिछले लंबे समय से महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म SSMB29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह राजामौली और महेश के बीच पहला कोलैबोरेशन है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही फिर से इंडियन सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि प्रियंका जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।



# सुप्रीम कोर्ट का पंजाब सरकार को निर्देश –डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करें

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के संबंध में शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के कारण मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ''अगर कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तो आपको इससे सख्ती से निपटना होगा। किसी का जीवन दांव पर है। आपको इसे गंभीरता से लेना चाहिए। चिकित्सा सहायता दी जानी चाहिए और ऐसा लगता है कि आप इसका पालन नहीं कर रहे हैं।'' शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायालय शनिवार को मामले में फिर से सुनवाई करेगा। डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं।

# एक बार फिर देवदूत बनी सेना, बर्फ में फंसे 68 लोगों को बचाया

जम्मू। भारी बर्फबारी के चलते गुलमर्ग और तानमार्ग जा रहे पर्यटक रास्ते में ही फंस गए। करीब 68 पर्यटकों के फंसने की जानकारी भारतीय सेना की चिनार कोर को लगी। उन्होंने बिना किसी देरी के रेस्क्यू शुरु कर दिया। चिनार कोर के मुताबिक इस दौरान कुल 68 लोगों को बचाया गया। इनमें 30 महिलाएं, 30 पुरुष और 8 बच्चे शामिल हैं। इसके बाद सभी 137 पर्यटकों को गर्म खाना, शेल्टर और दवाएं भी मुहैया कराई गईं। चिनार वॉरियर ने इसको लेकर एक्स पर जानकारी दी है। इसमें बताया है कि चिनार कोर को सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से कॉल मिली थी। इसके बाद इस बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। इसके मुताबिक चिनार वॉरियर्स ने कुलगाम के मुनाद गांव से एक गर्भवती महिला को निकालने के लिए एक आपातकालीन संकट कॉल का जवाब दिया। भारी बर्फबारी के बीच बचाव दल समय पर घटनास्थल पर पहुंच गया। तत्काल जीवनरक्षक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई और रोगी को यारीपोरा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

**2000 वाहन फंसे**

गौरतलब है कि चिनार कोर का नाम यहां के चिनार वृक्ष के नाम पर रखा गया है। सेना का यह दल जम्मू कश्मीर के पूर्वी और उत्तरी इलाकों में सुरक्षा इंतजाम देखती है। बता दें कि जम्मू कश्मीर में मौसम खराब है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग स्थित काजीगुंड कस्बे में बर्फबारी में करीब 2000 वाहन फंस गए हैं।

# यूपी का मामला : गर्भवती हुई नाबालिग, रिश्तेदारों ने बनाया हवस का शिकार

## – रेप करने वाले आरोपी बाबा, पिता और चाचा को पुलिस की हिरासत में

औरैया ।उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक बड़ा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 12 साल की मासूम को अपने ही सगे ?रिश्तेदारों ने हवस का शिकार बनाया है। पीड़िता ने मौसी के साथ जाकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपनी दुखद कहानी सुनाई है। उसके साथ रेप करने वाले आरोपी बाबा, पिता और चाचा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रकरण का हलचल मासूम के गांव के बाहर तक फैल चुकी है। पीड़िता ने अपनी दुखद आपबीती में बताया कि उसके साथ कई महीनों तक रेप किया गया, जिसका नतीजा यह है कि वह 2 महीने की गर्भवती है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और पीड़िता को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है। पीड़िता ने अपने आरोप को पुलिस के सामने साबित करते हुए इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई कार्रवाई की जाए, इसकी मांग की है। इस घिनौने कांड के खिलाफ आवाज उठाते हुए समाज के विभिन्न संगठनों ने भयानक अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने की गुहार दी है। मामला औरैया जिले के बिधूना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली एक मासूम ने अपने बाबा, पिता और चाचा पर रेप करने का आरोप लगाया है। मासूम के पिता किसानी करते हैं और बाबा और चाचा बकरियां चराते हैं। करीब डेढ़ माह पहले उसकी मां की मौत हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले 1 साल से बाबा खेत में और चाचा कमरे में अकेला पाकर उसके साथ दरिंदगी को अंजाम देते रहे और उन्होंने धमकाया भी था कि अगर किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देंगे।

# राजस्थान में कटी पतंग ने ली दो भाइयों की जान

## – हाईटेंशन लाइन से पतंग उतारने का कर रहे थे प्रयास

बारां ।राजस्थान के बारां जिले में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने गांव को अपने आंसूओं में डुबो दिया है। जिले के बोरिना गांव में 14 और 15 साल के दो सगे भाई हाईटेंशन लाइन से कटी पतंग ?निकालने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान दोनों ?बिजली करंट की चपेट में आ गए ओर उनकी जान चली गई। रिपोटर्स के अनुसार दोनों बच्चे लोहे के सरिए से पतंग को खींचने की कोशिश कर रहे थे। वह हाईटेंशन बिजली लाइन के करंट में फंस गए और बुरी तरह झुलस गए। पु?लिस अ?धिकारी ने मीडिया को जानकारी दी कि यह हादसा मोग्या परिवार के दोनों बच्चों के साथ हुआ। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। सदर थाना पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू की गई है और परिजनों को समर्थन दिया जा रहा है। दोनों सगे भाईयों की एक साथ मौत से गांव में गहरा दुख छाया हुआ है। इस दुखद घटना से हमें सबक सीखना चाहिए ताकि ऐसी खतरनाक स्थितियों से बचा जा सके।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दबाव के बाद भी शेख हसीना को वापस नहीं भेजेगा भारत

## –भारत लंबे समय तक मेहमानों के स्वागत की परंपरा बनाए रखने वाला देश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना को सौंपने की मांग की है। पूर्व पीएम शेख हसीना फिलहाल भारत में रह रही हैं। वह 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर आ गई थीं और उसके बाद से ही दिल्ली में किसी स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह ही बांग्लादेश ने शेख हसीना को वापस भेजने की मांग वाला डिप्लोमैटिक नोट आया है, लेकिन इस पर भारत सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना को भारत सरकार वापस भेजने पर विचार नहीं कर रही है। यही नहीं बांग्लादेश सरकार की ओर से दबाव बनाने की कोशिश के बाद भी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। बांग्लादेश के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि में किसी राजनीतिक शख्सियत की वापसी का पहलू नहीं है। इसके अलावा भारत भू-राजनीतिक कारणों से भी ऐसा नहीं करना चाहता।

भारत को लगता है यदि हालात बदलेंगे तो शेख हसीना फिर सत्ता आएंगी और उस स्थिति में रणनीतिक तौर पर वह काफी अहम होगा। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के पास भी डिप्लोमैटिक नोट भेजने के अलावा भारत के ऊपर दबाव बनाने का कोई विकल्प नहीं है। शेख हसीना पहले भी भारत में वक्त गुजार चुकी हैं। उनके बेटे और बेटी भी भारत में रहे हैं।

शेख हसीना के लिए भारत से बैठकर बांग्लादेश की राजनीति को प्रभावित करना आसान होगा। भारत शेख हसीना की अहमियत समझता है, जिन्होंने अपने 15 सालों के शासनकाल में बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों पर लगाम लगाई थी। इसके अलावा सीमा से जुड़े मसलों को भी शांतिपूर्वक हल किया था। दोनों देशों के बीच कारोबार भी शेख हसीना के दौर में तेजी से बढ़ा था।

भारत मेहमानों के स्वागत की परंपरा बनाए रखने वाला देश रहा है। दलाई लामा का भी उसने ऐसे ही भारत आने का अवसर दिया था। अब भी हजारों तिब्बतियों के साथ दलाई लामा भारत में ही रह रहे हैं। हालांकि शेख हसीना को लेकर उम्मीद है कि भले ही कुछ साल लगें, लेकिन वह एक बार फिर से बांग्लादेश में वापसी कर सकती हैं।

# परिवार की इच्छा के अनुरुप बने डा. सिंह का स्मारक : मायावती

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगम बोध घाट पर हुआ। उनके निधन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने दुख व्यक्त किया। साथ ही स्मारक बनाने को लेकर उठे विवाद में मायावती का भी बयान सामने आया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सरकार उनके सम्मान में स्मारक बनवाए। मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के देहांत होने पर उनका अंतिम संस्कार केंद्र सरकार वहां कराए, जहां उनके परिवार की दिली इच्छा हो। साथ ही उनके सम्मान में स्मारक भी बनवाए। इस पर किसी भी तरह की राजनीति करना ठीक नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि इन मामलों में केंद्र सरकार इनके परिवार के साथ पूरे सिख समाज की भावनाओं का सम्मान जरूर करे। कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर अति दुखद है। भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका खास योगदान रहा। वह नेक इंसान थे। उनके परिवार और सभी चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।



# मनमोहन के निधन से दुखी सोनिया गांधी बोलीं- एक मित्र और मार्गदर्शक हमने खो दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन से देश दुनिया में शोक है। लोग दुखी हैं और शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। उनके निधन पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने लिए बड़ी व्यक्तिगत क्षति करार दिया और कहा कि वह उनके लिए 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे तथा आभारी रहेंगे कि मनमोहन सिंह ऐसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।

सोनिया गांधी ने शोक संदेश में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक ऐसा नेता खो दिया है, जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। वह कांग्रेस पार्टी के लिए मार्गदर्शन करने वाले प्रकाशपुंज थे। उनकी करुणा और दूरदर्शिता ने लाखों भारतीय नागरिकों के जीवन को बदल दिया और सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि उनके शुद्ध हृदय और उत्कृष्ट दिमाग के कारण उन्हें भारत के लोग बहुत प्यार करते थे।

सोनिया गांधी ने इस बात का उल्लेख किया, उनके साथ कोई भी समय बिताने का मतलब उनके ज्ञान और दूरदर्शिता से प्रबुद्ध होना, उनकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से प्रभावित होना और उनकी वास्तविक विनम्रता से आश्चर्यचकित होना था। उन्होंने कहा, वह हमारे राष्ट्रीय जीवन में एक ऐसा शून्य छोड़ गए हैं, जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे और आभारी रहेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।

# इसरो साल का आखिरी मिशन करेगा लॉन्च, कोशिकाएं लेकर जाएगा स्पैडेक्स

## –अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा भारत




**श्रीहरिकोटा(एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2024 का आखिरी मिशन 30 दिसंबर को लॉन्च करेगा। इस मिशन को स्पैडेक्स नाम दिया है। स्पैडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट। यह मिशन रात 9ः58 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। स्पैडेक्स मिशन का मकसद अंतरिक्ष में स्पेसक्राफ्ट को डॉक और अनडॉक करने वाली तकनीक डेवलप करना और उसका प्रदर्शन करना है।

बता दें जब कोई स्पेस मिशन लॉन्च किया जाता है तो मकसद हासिल करने के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने पड़ते हैं। इसके लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग की जरूरत पड़ती है। भारत के लिए यह तकनीक मून मिशन, चंद्रमा से सैंपल लाने और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

स्पैडेक्स मिशन के जरिए भारत अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन स्पेस डॉकिंग में कामयाबी हासिल कर चुके हैं। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट स्पैडेक्स मिशन के जरिए अपने साथ 200-200 किलो के 2 स्पेसक्राफ्ट भी लेकर जाएगा। इन्हें चेजर और टारगेट नाम दिया गया है। इनसे रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े 24 पेलोड भी भेजे जाएंगे। इन पेलोड्स को धरती से 700 किमी की ऊंचाई पर डॉक किया जाएगा। इनमें से 14 पेलोड इसरो के और बाकी 10 स्टार्टअप और एकेडमी के हैं।

एमिटी प्लांट एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल इन स्पेस पेलोड जिसे एमिटी यूनिवर्सिटी ने बनाया है। यह रिसर्च करेगा कि पौधे की कोशिकाएं अंतरिक्ष में कैसे बढ़ती हैं। इस रिसर्च के तहत अंतरिक्ष और धरती पर एक ही समय में प्रयोग किया जाएगा। पालक की कोशिकाओं को एलईडी लाइट्स और जेल के जरिए सूर्य का प्रकाश और पोषक तत्व जैसी अहम चीजें दी जाएंगी। एक कैमरा पौधे की कोशिका के रंग और वृद्धि को रिकॉर्ड करेगा। अगर कोशिका का रंग बदलता है तो प्रयोग असफल हो जाएगा।

वहीं, अगर इस रिसर्च में कामयाब होते हैं तो अंतरिक्ष और धरती पर कृषि तकनीकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की लंबी अंतरिक्ष यात्राओं, जैसे मंगल ग्रह मिशन के दौरान पौधे उगाने की संभावना और मजबूत होगी और हम पूरी दुनिया को दिखा देंगे कि हम होंगे कामयाब।

# पीएम मोदी आज दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान का करेंगे आगाज

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इस हफ्ते वे पीएम दो रैलियों करेंगे। दूसरी रैली 3 जनवरी को होगी। पीएम मोदी रोहिणी के जापानी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की दिल्ली इकाई ने इसके लिए मंडल अध्यक्षों से कम से कम दो बस भरकर लोगों को लाने को कहा है। बीजेपी दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए पूरी तैयारी से मैदान में उतर रही है इसके लिए बीजेपी ने अपनी रणनीति भी बनाई है। दिल्ली में आप सरकार को हराने के लिए पार्टी अपने बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारेगी जिसका आगाज 29 दिसंबर यानी रविवार को पीएम मोदी के चुनावी अभियान से होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कारण सात दिन का राष्ट्रीय के कारण कई सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

# कांग्रेस पर भड़की शर्मिष्ठा बोलीं- प्रणव मुखर्जी के लिए शोकसभा तक नहीं की, अब स्मारक मांग रहे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के लिए अलग से स्मारक बनवाने की मांग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की है। इस पर पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कड़ी आलोचना की है। शर्मिष्ठा ने कहा कि जब उनके पिता (प्रणब मुखर्जी) का 2020 में निधन हुआ था, तब कांग्रेस नेतृत्व ने न तो कोई शोक सभा आयोजित की और न ही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने इस मामले में उन्हें गुमराह किया था।

शर्मिष्ठा ने कहा कि वह अपने पिता के डायरी में पढ़ चुकी हैं कि जब पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन का निधन हुआ था, तो कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई थी और शोक संदेश खुद प्रणब मुखर्जी ने तैयार किया था। इसके अलावा शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सीआर केसवन के एक पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें यह बताया गया था कि कांग्रेस ने पार्टी के अन्य नेताओं को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज किया क्योंकि वे गांधी परिवार के सदस्य नहीं थे। इस मुद्दे पर डॉ मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे डॉ संजय बारू की किताब द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर पुस्तक का भी उल्लेख किया गया, जिसमें यह जिक्र किया गया था कि कांग्रेस नेतृत्व ने कभी पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए दिल्ली में कोई स्मारक नहीं बनाया, जिनका 2004 में निधन हो गया था। पुस्तक में यह भी दावा किया गया था कि कांग्रेस ने नरसिम्हा राव के दाह संस्कार को दिल्ली में करने के बजाय हैदराबाद में करने की कोशिश की थी।

**अंत्येष्टि पर ना हो राजनीतिः अखिलेश यादव**

गृह मंत्रालय ने कहा था कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ नयी दिल्ली के निगमबोध घाट किया जाएगा। राजनीतिक दलों ने इसके बाद ही हमले करने शुरू कर दिए।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया मंच एक्?स पर लिखा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) जी की समाधि के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। इस विषय पर न किसी राजनीति की आवश्यकता है, न होनी चाहिए।

# नीतीश सरकार ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर, ग्रामीण हुए खुश



**पटना (एजेंसी)।** पटना के खुशरूपुर में अनुमंडल पदाधिकारी ने बांसटाल चौराहा से स्टेशन गुमटी तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया है। सड़क की मापी कर अंचल अमीन ने अतिक्रमण की पुष्टि कर अपना प्रतिवेदन समर्पित किया था। एसडीओ ने खुसरूपुर अंचल पदाधिकारी उत्तम राहुल को दंडाधिकारी के रूप में अधिकार दिया है तथा सीओ को थानाध्यक्ष अंकिता कुमारी से समन्वय कर विधि व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया है।

वहीं, नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी दीपक झा को ट्रैक्टर, जेसीबी और बुलडोजर आदि को उपलब्ध करने की जिम्मेदारी मिली है। जिला पुलिस की ओर से पर्याप्त संख्या में जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक को सूचित किया जा चुका है।

नवादा के नरहट प्रखंड के चातर गांव में अनावाद बिहार सरकार की भूमि पर अवैध कब्जा के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला है। कार्रवाई में अतिक्रमण वाले लगभग सात डिसमिल अवैध कब्जा वाले सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। सीओ ने बताया कि मंदिर के समीप बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमण कर उस जगह पर ईंट से घेराबंदी कर करकट डालकर अतिक्रमण किया था। ग्रामीण अखिलेश सिंह, अर्जुन सिंह, चांदो यादव सहित सैंकड़ों ग्रामीण का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अतिक्रमण से ग्रामीण काफी नाराज थे। शिकायत के आलोक में अतिक्रमण करने वाले को नोटिस भेज कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। नोटिस की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाने पर विशेष पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से ग्रामीण खुश हैं वहीं अतिक्रमण करने वाले लोगों में डर है।

# ये सिख समाज का अपमान, मनमोहन के अंतिम संस्कार पर विपक्ष और सरकार आमने-सामने

**`* कांग्रेस, आप सहित कई दलों ने जताया विरोध**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। दिल्ली के निगम बोध घाट पर मनमोहन का अंतिम संस्कार किया गया है। पूर्व पीएम को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंत्येष्टि के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, पीएम मोदी, राहुल गांधी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। अंत्येष्टि में कई विदेशी नेता भी शामिल हुए। हालांकि, अंतिम संस्कार को लेकर सियासी विवाद भी गहरा गया।

दरअसल मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट पर न कराने पर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित कई विपक्षी पार्टियों ने सवाल उठाकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि सरकार को संवेदनशील होना चाहिए था और उनके स्मारक के लिए जगह आवंटित करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी के निधन पर भी एक जगह आवंटित की गई थी, इसलिए केंद्र सरकार को यहां भी ऐसा ही करना चाहिए था।

वहीं आम आदमी पार्टी ने भी मनमोहन सिंह का अंतिम सरकार निगम बोध घाट पर होने को लेकर नाराजगी जाहिर की। पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा कि अंतिम संस्कार राजघाट पर होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ये सिख समाज का अपमान है।

दरअसल, कांग्रेस ने पूर्व पीएम के अंतिम संस्कार के लिए केंद्र से दिल्ली में यमुना किनारे जगह देने का आग्रह किया था, जहां देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के स्मृति स्थल हैं। कांग्रेस की मांग थी कि वहीं मनमोहन का अंतिम संस्कार किया जाए और स्मृति स्थल भी बने। लेकिन केंद्र ने कहा कि इसके लिए वक्त लगता है, इसलिए निगम बोध घाट पर ही अंत्येष्टि हो।



## संक्षिप्त समाचार

### 2 डॉलर की टिप नहीं दी तो पिज्जा डिलीवरी गर्ल बनी हैवान, प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से किए 14 वार



**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक पिज्जा डिलीवरी गर्ल को एक प्रेग्नेंट महिला की हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर महिला ने उसे 2 डॉलर की टिप देने से इनकार कर दिया था जिससे वह भड़क गई थी। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय ब्रायना अल्वेलो के रूप में हुई है। उसने महिला पर चाकू से एक दर्जन से भी ज्यादा वार किए। हालांकि महिला इस घटना में बच निकली। यह वाकया फ्लोरिडा के एक मोटेल में हुआ। महिला अपने प्रेमी और 5 वर्षीय बेटी के साथ जन्मदिन मना रही थी और उसने पिज्जा ऑर्डर किया। महिला ने डिलीवरी वर्कर को 33 के पिज्जा ऑर्डर के बाद एक छोटी सी टिप दी। ओसियोला काउंटी शेरिफ के मुताबिक अल्वेलो को यह बात अच्छी नहीं लगी। रविवार को रात 10 बजे वह एक नकाबपोश साथी के साथ चाकू से लैस होकर मोटेल में लौटी। दोनों ने महिला पर हमला कर दिया। न्यू यॉर्क पोस्ट के मुताबिक अल्वेलो ने कथित तौर पर घटनास्थल से भागने से पहले पीड़िता को 14 बार चाकू घोंपा। हमले के दौरान पीड़िता ने अपनी बेटी को बचाने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसकी पीठ पर भी वार किया। उसने मदद के लिए किसी को पुकारने की कोशिश की लेकिन अल्वेलो ने उसका फोन तोड़ दिया। हमले के बाद पीड़िता को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या के प्रयास, घर में घुसपैठ, मारपीट और अपहरण के आरोप में केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि उसका साथी अभी भी फरार है। अल्वेलो को जमानत देने से मना कर दिया गया है और फिलहाल उसे ओसियोला काउंटी जेल में रखा गया है। इस मामले पर पिज्जा चेन के मालिक ने दुख जताते हुए माफी मांगी है। कंपनी ने लोगों को आश्वासन दिया है कि वे जांच जारी रहने तक अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, ग्राहकों और टीम के सदस्यों की सुरक्षा और भलाई हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है।

### इस्राइली अटॉर्नी जनरल ने पीएम नेतन्याहू की पत्नी के खिलाफ जांच के दिए आदेश, गवाह को धमकाने का आरोप



**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइली के अटॉर्नी जनरल ने पुलिस को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पत्नी सारा नेतन्याहू के खिलाफ जांच शुरू करने का आदेश दिया है। पीएम नेतन्याहू की पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक विरोधियों और नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मुकदमे में एक गवाह को परेशान किया। मामले में इस्राइली न्याय मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक संक्षिप्त संदेश में कहा कि यह जांच हाल ही में प्रकाशित उवदा रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित होगी। इस कार्यक्रम में व्हाट्सएप संदेशों का एक बड़ा संग्रह दिखाया गया, जिसमें सारा नेतन्याहू एक पूर्व सहयोगी को विरोध प्रदर्शनों को आयोजित करने और मुकदमे में एक गवाह हदास क्लेन को धमकाते हुए दिखाई दे रहीं हैं। बता दें कि मामले में मंत्रालय ने सारा नेतन्याहू का नाम सीधे नहीं लिया और आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे ताइवान के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे वेन-जे, हो सकती है 28 साल की जेल

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और ताइवान पीपुल्स पार्टी के संस्थापक को वेन-जे को गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराया गया। उन पर द्वीप की राजधानी के मेयर रहने के दौरान रिश्वत लेने का आरोप लगाया जा रहा है। अभियोजकों के बयान के अनुसार, को, जिन्होंने ताइपे के पूर्व मेयर के रूप में भी काम किया था, ने अपने कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर रियल एस्टेट विकास से संबंधित रिश्वत ली थी। को पर राजनीतिक चंदे को शर्मसार करने का भी आरोप है. यदि उसे सभी आरोपों में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे 28.5 साल की संभावित जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले, को ने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था। उनकी पार्टी ने कहा कि ये आरोप राजनीतिक उत्पीड़न का मामला हैं। ताइपे की 2014 मेयर की दौड़ जीतने के लिए राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया। उन्होंने 2014 से 2022 तक दो कार्यकाल दिए। मामले का मूल ताइपे में कोर पैसिफिक सिटी समूह के स्वामित्व वाला एक विकास है। अभियोजकों का कहना है कि को ने रिश्वत के बदले में कंपनी को शहर निर्माण नियमों से बचने की अनुमति दी। टीपीपी की केंद्रीय समिति के सदस्य लिन फू-नान ने कहा कि सत्ता के इस तरह के दुरुपयोग से सरकार एक राजनीतिक ठग बनकर रह गई है। हम राजनीति के काले हाथ वालों से आह्वान करते हैं कि वे न्यायपालिका तक न पहुंचें।

# अमेरिकी राज्य ओहायो में अब हिंदू छात्रों को मिलेगी दिवाली की छुट्टी, सीनेटर नीरज बोले- यह हिंदुओं की जीत



**कोलंबस, एजेंसी।** अमेरिका के ओहायो राज्य में अब हिंदू छात्रों को दिवाली की छुट्टी मिलेगी। इसके साथ ही वह अपने धार्मिक पर्व पर एक शिक्षा सत्र मे दो अन्य छुट्टियां भी ले सकेंगे। अमेरिकी राज्य के भारतीय अमेरिकी विधायक ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लाए गए विधेयक को पहले ओहायो स्टेट हाउस और सीनेट ने पारित किया था। अब ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने इसे पारित कर दिया।

राज्य सीनेटर नीरज एंटनी ने कहा कि नए विधेयक के चलते ओहायो में प्रत्येक हिंदू छात्र 2025 में होने वाली दिवाली और उसके बाद दो दिन स्कूल की छुट्टी ले सकेगा। यह ओहायो में हिंदुओं की एक अविश्वसनीय जीत है। अमेरिकी इतिहास में ओहायो पहला ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक छात्र को दिवाली की छुट्टी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे कानून के तहत छात्रों को 2 अन्य धार्मिक छुट्टियां लेने की अनुमति मिलेगी। इसका मतलब है कि एक गुजराती हिंदू छात्र नवरात्रि या अन्नकूट के लिए एक दिन की छुट्टी ले सकता है। एक ब्क्क-भक्त प्रमुख स्वामी महाराज जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक स्वामीनारायण भक्त हरि जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक तेलुगु हिंदू छात्र उगादि की छुट्टी ले सकता है, एक तमिल हिंदू छात्र पोंगल की छुट्टी ले सकता है, एक बंगाली हिंदू छात्र दुर्गा पूजा की छुट्टी ले सकता है, एक पंजाबी हिंदू छात्र लोहड़ी की छुट्टी ले सकता है, एक इस्कॉन भक्त उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी की छुट्टी ले सकता है। ओहायो में अब किसी भी हिंदू बच्चे को त्योहार के चलते पढ़ाई की समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि विधेयक के मुताबिक छुट्टी लेने के लिए माता-पिता को स्कूल के प्रिंसिपल को एक हस्ताक्षरित पत्र भेजेंगे। इसमें छात्र द्वारा ली जाने वाली धार्मिक छुट्टियों का जिक्र होगा। हस्ताक्षरित पत्र स्कूल वर्ष के पहले दिन से 14 दिनों के भीतर प्रिंसिपल को भेजा जाएगा। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक समीर कालरा ने कहा कि ओहायो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर रहा है कि कैसे स्कूल यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी छात्र नकारात्मक शैक्षणिक परिणामों के डर के बिना अपने धर्म का पूरी तरह से पालन कर सकें। फाउंडेशन इस पहल की सराहना करता है।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (ष्ट्श॥ह्व) के क्लीवलैंड चैप्टर के निदेशक राकेश रंजन ने कहा कि क्लीवलैंड में हाल ही में स्नातक करने वाले छात्रों के एक हिंदू अभिभावक के रूप में दिवाली के दौरान ऐसा होना आश्चर्यजनक है। अब मेरे बच्चे दिवाली को पूरी तरह से मना पाएंगे और अपनी पढ़ाई की चिंता नहीं करेंगे। हिंदू एक्टेशन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा कि इस विधेयक से 120,000 हिंदुओं को अपने परिवारों के साथ अपनी परंपराओं का जश्न मनाने, समावेश और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का अधिकार मिला है।

### विमान के पहिये में मिला व्यक्ति का शव, पायलट व यात्रियों के उड़े होश

**लॉस एंजिल्स , एजेंसी।** अमेरिका के हवाई में एक हवाई अड्डे पर उतरने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिए में एक व्यक्ति का शव मिला. इस बारे में एयरलाइंस के अलावा स्थानीय समाचार पत्रों ने जानकारी दी गई. वहीं इस संबंध में कंपनी ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा, मंगलवार को माउई के काहुलुई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिये के पास एक व्यक्ति का शव मिला है. कंपनी ने यह भी कहा कि वह मामले की जांच में कानून प्रवर्तन अफसरों के साथ काम कर रही है.समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक कंपनी ने कहा कि यह अभी भी पता नहीं चल पाया है कि वह व्यक्ति पहिये तक किस तरह पहुंचा. उन्होंने कहा कि पहिये (व्हील वेल) तक सिर्फ प्लेन के बाहर से ही पहुंचा जा सकता था. इस संबंध में बताया जा रहा है कि शव शिकागो के ओहारे एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले बोइंग 787-10 विमान में मिला है. साथ ही यह शव उस डिब्बे में था जिसमें विमान का लैंडिंग गियर रखा हुआ था, जब यूनाइटेड फ्लाइट 202 शिकागो ओहारे इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर रही थी. दपुलिस विभाग मृत व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कर रहा है।

### भारत, चीन के बीच समझौते को 'व्यापक और प्रभावी ढंग से' लागू किया जा रहा है : चीन सेना

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन और भारत की सेनाएं पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को ''व्यापक और प्रभावी रूप से'' लागू कर रही हैं और इसमें ''निरंतर प्रगति'' हुई है. चीन के रक्षा प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने यहां प्रेस वार्ता के दौरान 18 दिसंबर की विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की. उन्होंने कहा, ''वर्तमान में, चीन और भारत की सेनाएं दोनों पक्षों के बीच सीमा संबंधी समझौतों को व्यापक और प्रभावी ढंग से लागू कर रही हैं और इसमें लगातार प्रगति हुई है.'' उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, दोनों देशों के नेताओं द्वारा बनी आम सहमति के आधार पर, चीन और भारत ने कूटनीतिक और सैन्य तरीकों से सीमा की स्थिति पर निरंतर संपर्क बनाए रखा है और काफी प्रगति हासिल की है. भारत और चीन के बीच 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने यहां मुलाकात की और समझौते के कार्यान्वयन और संबंधों की बहाली पर व्यापक बातचीत की थी. विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र को पुनर्जीवित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अक्टूबर में रूस के कजान में हुई बैठक में लिया गया था. कर्नल झांग ने कहा कि चीन-भारत संबंधों को सही रास्ते पर लाना दोनों देशों के लोगों के हितों को पूरा करने के लिए जरूरी है. उन्होंने कहा, ''चीनी सेना दोनों नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को ईमानदारी से लागू करने, अधिक आदान-प्रदान और संपर्क करने तथा चीन-भारत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी शांति और सौहार्द का माहौल कायम किया जा सके.'' पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और उसके बाद उसी वर्ष जून में गलवान घाटी में घातक झड़प हुई।



### मनमोहन सिंह को भारत-अमेरिका को करीब लाने के लिए याद किया जाएगा, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया. ब्लिंकन ने डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने भारत में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत को करीब लाने के लिए उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा.

एक बयान में, ब्लिंकन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है. डॉ. सिंह अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे. उन्होंने कहा कि उनके काम ने पिछले दो दशकों में हमारे देशों द्वारा मिलकर हासिल की गई अधिकांश उपलब्धियों की नींव रखी. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व ने अमेरिका-भारत संबंधों की क्षमता में एक बड़े निवेश का संकेत दिया. घर पर, डॉ. सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा।

## बांग्लादेश के सचिवालय में लगी भीषण आग, सरकारी दस्तावेज जलकर खाक

**ढाका , एजेंसी।** ढाका में बांग्लादेश सचिवालय की एक प्रमुख इमारत में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई, जिससे सरकारी दस्तावेज नष्ट हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों को आशंका है कि सरकारी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से ही घटना को अंजाम दिया गया और इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। बांग्लादेश सचिवालय की इमारत संख्या सात में आग लगी और करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, नौ मंजिला इमारत में सात मंत्रालय मौजूद हैं। उच्च सुरक्षा वाले परिसर में बृहस्पतिवार सुबह आग लगी। हालांकि, आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने संवाददाताओं को बताया, ''कल (बुधवार) आधी रात के बाद इमारत में तीन स्थानों पर एक साथ आग लग गई। उन्होंने संकेत दिया कि आग संभवतः दुर्घटनावश नहीं लगी। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे इमारत के अलावा अन्य मंत्रालयों को भी अपना सामान्य कामकाज रोकना पड़ा जबकि सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया, जिससे कई कर्मचारी परिसर में प्रवेश नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि इमारत संख्या सात की छठी, सातवीं और आठवीं मंजिल पर स्थित अधिकांश कमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि स्थानीय प्रशासन, डाक एवं दूरसंचार मंत्रालयों के दस्तावेज और फर्नीचर जल गए। एक अधिकारी ने इमारत का दौरा करने के बाद बताया, ''आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किए गए पानी से कई दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचा।



इमारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कबूतर मरे हुए पाये गए और खिड़कियां टूटी हुई थीं। अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने कहा, ''षड्यंत्रकारियों ने अपनी गतिविधियां बंद नहीं की हैं। उन्होंने कहा कि जिन दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है, उनमें अपदस्थ आवामी लीग शासन के दौरान हुए लाखों डॉलर के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले कागजात और सबूत शामिल हैं। भुइयां ने कहा, ''अगर कोई भी हमें (भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में) विफल करने में संलिप्त पाया गया तो उसे (दंडात्मक कार्रवाई से) बचने का जरा सा भी मौका नहीं दिया जाएगा। इस बीच, अधिकारियों ने वरिष्ठ नौकरशाहों, अग्निशमन सेवा और पुलिस अधिकारियों वाली सात सदस्यीय समिति का गठन किया। अतिरिक्त सचिव (जिला और क्षेत्रीय प्रशासन) मोहम्मद खालिद रहीम की अध्यक्षता वाली समिति को सात कार्य दिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है।

## जंगल की आग को और भड़का रही है तेज हवाएं




**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में में लगी जंगल की आग को बुझाने में फायर फाइटर्स को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा रहा है। विक्टोरिया के आपातकालीन प्रबंधन आयुक्त रिक नुगेंट ने कहा कि गुरुवार को फायर फाइटर्स को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, विक्टोरिया राज्य में आग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था। दरअसल गर्मी और तेज हवाओं के कारण जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया था। नुगेंट ने पत्रकारों से कहा कि तेज उत्तरी हवाएं विक्टोरिया के दक्षिण में स्थित ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क में लगी आग को और भड़का रही हैं। अधिकारी ने कहा, इसके बाद हवा की दिशा बदलकर दक्षिण-पश्चिम की ओर हो जाएगी, जिससे मौजूदा आग को बुझाने वाले अग्निशामकों के लिए समस्याएं और बढ़ जाएंगी। ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क की आग ने पहले ही करीब 55,000 हेक्टेयर भूमि को जलाकर पर्यावरण, पशुधन और बाहरी इमारतों को काफी नुकसान पहुंचाया है। नुगेंट ने कहा, हमें अब तक आवासीय घरों के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन ग्रैम्पियंस में कई लोग रहते हैं, इसलिए अगर कोई घर नष्ट होता है, तो मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं होगी। विक्टोरिया के राज्य नियंत्रण केंद्र के ल्यूक हेगर्टी ने कहा कि ग्रैम्पियंस में हालात जल्दी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने अनुमान लगाया था, आज दोपहर में आग और भड़की। हवा की दिशा बदलने से आग के कुछ हिस्सों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हेगर्टी ने आगे कहा, आज सुबह और दोपहर को हमने उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण आग को दक्षिण-पूर्व की ओर फैलते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि दोपहर की हवाओं ने पेड़ गिरा दिए, जिससे उस क्षेत्र से बाहर जाने की कोशिश कर रहे लोगों परेशानी हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को, अधिकारियों ने बताया कि विक्टोरिया में संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबरें आई थीं, क्योंकि अत्यधिक गर्मी और तूफान की स्थिति ने खासतौर पर राज्य के पश्चिमी हिस्से में झाड़ियों में आग लगा दी थी। विक्टोरिया की प्रमुख जैकिंटा एलन ने राज्य नियंत्रण केंद्र में कहा, अब हमें दुख के साथ संपत्ति के नुकसान की खबरें मिल रही हैं, जो आग की सक्रिय स्थिति और इलाके की कठिनाई को देखते हुए आ रही हैं। गुरुवार को बेयिनडीन रॉकी रोड पर लगी झाड़ियों की आग बेकाबू हो गई।

## दक्षिण कोरिया में कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का बड़ा कदम, महाभियोग प्रस्ताव दायर

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दिसंबर में अपने अल्पकालिक मार्शल लॉ डिक्री से उत्पन्न महाभियोग के राष्ट्रपति यूं सुक येओल के खिलाफ विद्रोह के आरोपों की अदालत की समीक्षा से पहले संवैधानिक न्यायालय की तीन रिक्तियों को भरने में उनकी अनिच्छा पर देश के कार्यवाहक नेता पर महाभियोग चलाने के लिए गुरुवार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उदारवादी विपक्ष और यूं की रूढ़िवादी पार्टी के बीच बढ़ते विवाद के बीच अदालती नियुक्तियाँ रुकी हुई हैं, और प्रधान मंत्री हान डक-सू के संभावित महाभियोग से राजनीतिक पक्षाघात गहरा हो सकता है जिसने उच्च-स्तरीय कूटनीति को रोक दिया है और वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है।

विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेंबली ने भी तीन संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव पारित किया क्योंकि अदालत यून को बर्खास्त करने या बहाल करने पर विचार-विमर्श शुरू करने की तैयारी कर रही है। वोट तब आया जब हान ने एक टेलीविज़न बयान में दोहराया कि वह द्विदलीय सहमति के बिना न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन शिक ने हान से न्यायाधीशों की शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह करते हुए कहा कि द्विदलीय सहमति के लिए उनका आह्वान अनिवार्य रूप से इनकार के समान है और संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों को चुनने के नेशनल असेंबली के अधिकार का उल्लंघन है।




यून की पीपुल्स पावर पार्टी, जिसके अधिकांश सदस्यों ने नेशनल असेंबली वोट का बहिष्कार किया, ने तर्क दिया कि हान को प्रस्तावित न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति के अधिकार का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जबकि यून को अभी तक औपचारिक रूप से पद से हटाया नहीं गया है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रूढ़िवादियों पर यून के राष्ट्रपति पद को बचाने के लिए अदालती प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप लगाया है, और हान पर महाभियोग चलाने का उसका प्रस्ताव शुक्रवार की शुरुआत में फ्लोर वोट पर जा सकता है। डेमोक्रेट्स के फ्लोर लीडर पार्क चान-डे ने कहा कि हान की टिप्पणियों से पता चलता है कि उनके पास कार्यवाहक नेता के रूप में सेवा करने की योग्यता और संविधान को बनाए रखने की इच्छाशक्ति दोनों का अभाव है।

## यमन एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले थे डब्ल्यूएचओ चीफ, तभी बम बरसाने लगा इजरायल; बाल-बाल बचे

**साना , एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के अन्य कर्मचारी गुरुवार को यमन के सना स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए थे। इस दौरान इजरायल एयरस्ट्राइक कर रहा था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने खुद इसका खुलासा किया है। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह और उनके कर्मचारी विमान में सवार होने ही वाले थे कि तभी हवाई अड्डे पर हवाई बमबारी होने लगी। उन्होंने लिखा, हमारे विमान के चालक दल के एक सदस्य घायल हो गए। हवाई अड्डे पर दो लोग मारे गए।

हमलों में पावर स्टेशनों और बंदरगाहों को भी निशाना बनाया गया। कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। इजरायल द्वारा हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद हूती विद्रोही समूह ने इन हमलों को क्रूर करार दिया। हलांकि इस घटना में मारे गए लोग नागरिक थे या हूती विद्रोही, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उनके विमान ने हूती आतंकवादी शासन के सैन्य ठिकानों पर खुफिया रिपोर्ट के आधार पर हमले किए हैं। इनमें साना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, हेजियाज और रास कनातिब पावर स्टेशनों और पश्चिमी तट के अल-हुदायदाह, सालीफ और रास कनातिब बंदरगाहों पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों के बाद कहा, हम ईरानी आतंकवादी धारा को तब तक खत्म करते रहेंगे जब तक हम काम पूरा नहीं कर लेते। वहीं, हूती के प्रमुख मोहम्मद अली अल-हूती ने इन



हमलों को क्रूर और आक्रामक बताया और कहा कि अमेरिकी और इजरायली अहंकार के साथ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक गाजा संघर्ष समाप्त नहीं हो जाता। साना हवाई अड्डे पर हमले में घायल हुए कई लोगों ने अल-मसीरा चैनल को बताया कि रनवे पर तीन बार हमले किए गए। उसके बाद हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर को भी निशाना बनाया गया। एक व्यक्ति ने कहा कि अस्पताल में 10 मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। एक गंभीर स्थिति में था और बाकी को मामूली चोटें या हड्डी टूटने की समस्या थी। आपको बता दें कि हूती विद्रोही अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत से ही इजरायल पर हमले कर रहे हैं। पिछले सप्ताह एक हूती मिसाइल हमले में इजरायल में दर्जनों लोग घायल हुए थे। इसके जवाब में इजरायल ने हूतियों पर हमले किए हैं। इस सप्ताह के शुरू में इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि देश हूतियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करने के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि वे समूह के नेतृत्व का सिर कलम करेंगे।

### खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तालिबान से भिड़ गई सेना, 13 आतंकी ढेर; 1 मेजर की भी मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** तालिबान से टेंशन के बीच पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार देश के भीतर विद्रोहियों और आतंक की फौज का सामना कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत खैबर पख्तूनख्वा जिले में तीन अलग-अलग गोलीबारी में उसने 13 आतंकवादी मार गिराया। पाकिस्तान का आतंकियों पर यह ऐक्शन तब हुआ है जब दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी। पाक ने कहा था कि उसका निशाना टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान) था, लेकिन तालिबान ने जानकारी दी कि हमले में 46 लोग मारे गए।

# समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार ने सुनी शिकायतें

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किये जा रहे हैं। फरीदाबाद में डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में गुरुवार को सीटीएम अंकित कुमार ने लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। सीटीएम ने समाधान शिविर में आई शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे



संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। सीटीएम ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम कार्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।










# केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 'गुड़ गवर्नेंस अवॉर्ड-2024' इंस्पेक्टर सुनीता को नवाजा

## महिलाओं को न्याय दिलाना है प्राथमिकताः सुनीता कुमारी

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** हरियाणा में ड्युटी के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को गुड़ गवर्नेस पोर्टल के माध्यम से सरकार द्वारा 2024 गुड़ गवर्नेस अवॉर्ड के लिए चुना गया। यह अवॉर्ड पुलिस अधिकारियों को उनकी कार्यशैली, आमजन के प्रति व्यवहार, थाने में दर्ज मुकदमे का जल्द निपटारा, पुलिस की छवि को जनता में बढ़ाने व अन्य बेहतरीन कार्यो को देखकर दिया गया। फरीदाबाद से बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता कुमारी को गुड़ गवर्नेस अवॉर्ड 2024 के लिए चुना गया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा उनको अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अभिषेक जोरवाल पुलिस उपयुक्त मुख्यालय, कुशलपाल सिंह पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने महिला निरीक्षक सुनीता कुमारी प्रभारी महिला थाना बल्लभगढ़ को सेक्टर 12 में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। महिला निरीक्षक ने कहा कि उच्च अधिकारियों से मिलने वाले दिशा निर्देश की उसके द्वारा पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पालना की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों के संबंध में प्राप्त शिकायतों का उसके द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए निष्पादन किया जाता है। उसके नेतृत्व में महिलाओं को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता प्रोग्राम किए जा रहे है तथा महिलाओं को सुरक्षा व कानूनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिलाओं को न्याय दिलाना ही उनकी प्राथमिकता है।



### फरीदाबाद डीसी ऑफिस से प्रवीण शर्मा हुए सम्मानित

● फरीदाबाद में अपने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले में द्वितीय नंबर पर डीसी ऑफिस से प्रवीण शर्मा को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दो महान विभूतियों पंडित मदन मोहन मालवीय व भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 23 दिसंबर 2014 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों महान विभूतियों को भारत रत्न से अलंकृत किया था। इसी दिन यह तय किया गया था कि हर वर्ष 25 दिसंबर को दोनों महान विभूतियों के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# सातवीं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के फरीदाबाद जिले की समाज सेवा में अपनी अग्रण भूमिका निभाने वाली समाजसेवी संस्था मिशन जागृति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सातवीं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 12 स्थित हुड्डा ग्राउंड में किया गया। जिसमें लगभग 6602 छात्रों ने भाग लिया था। आज दिनांक 29 दिसंबर 2024 को सेक्टर-50 स्थित समुदायक भवन डबुआ कॉलोनी में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश फागना विधायक हढ्ढ्ञ-86 फरीदाबाद रहे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नंगला मंडल अध्यक्ष कवींद्र चौधरी, ए. डी. स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सुभाष श्योराण जी रहें।

कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि के रूप श्री सतीश फागना विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन जागृति फरीदाबाद शहर की वह समाज सेवी संस्था है जिनके द्वारा नित्य प्रतिदिन समाज में जागरूकता लाने हेतु अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और 24 घंटे 365 दिन 12 महा इस संस्था के कार्यकर्ता हमेशा समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हुए समाज सेवा करने के कार्य करते हैं। मशन जागृति संस्था के संस्थापक प्रवेश मलिक ने जानकारी देते हुए बताया की संस्था द्वारा यह सातवां हरियाणा प्रदेश का सबसे बड़ा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन संगठन के द्वारा किया गया है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्रुप-ए में प्रथम स्थान सांविक पॉल , द्वितीय स्थान पर आयरिश व तृतीय स्थान पर चारविता रही , ग्रुप-बी में प्रथम स्थान पालक , द्वितीय स्थान पर शाइना मालिक व तृतीय स्थान पर लावजना रही, ग्रुप-सी में प्रथम स्थान समृद्धि, द्वितीय स्थान पर आफरीन व तृतीय स्थान पर हिमांशु रही, ग्रुप-डी में प्रथम स्थान शीतल झा, द्वितीय स्थान पर पंखुरी जैन व तृतीय स्थान पर ज्योति रही, ग्रुप-ई में प्रथम स्थान खुशी , द्वितीय स्थान पर आँचल व तृतीय स्थान पर महिमा रही, ग्रुप-एफ में प्रथम स्थान श्रेया , द्वितीय स्थान पर चेस्टा व तृतीय स्थान पर श्रम रहे, ग्रुप-जी में प्रथम स्थान अरुण , द्वितीय स्थान पर मोहित कुमार व तृतीय स्थान पर शालू रही, वही इसके अलावा 196 प्रतिभागियों को भी कंसोलेशन प्राइज भी दिए गए है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिशन जागृति की युवा टीम, महिला टीम , सीनियर सिटीजन यूथ क्लब , मिशन जागृति दिव्य शक्ति , जिला टीम की अहम भूमिका रही । कार्यक्रम का मंच संचालन हिमांशु भट्ट ने किया । मिशन जागृति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक गौतम ने सभी का आभार प्रकट किया ।




# सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक धनेश अदलखा, विधायक सतीश फागना, कुलदीप सिंह डीसीपी एनआईटी, संजय कुंडू पूर्व डीजीपी हिमाचल प्रदेश, महेश कुमार (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज गुरुग्राम), मुकेश शर्मा (मेंबर जिला कंज्यूमर मेंबर डिस्प्यूट कंज्यूमर रिड्रेसल कमीशन फरीदाबाद) का पुष्पगुच्छ ,प्लांटर,शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय के चेयरमैन डी .पी. भड़ाना ने कहा कि लक्ष्य तय करके ही विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। जिसका लक्ष्य निर्धारित नहीं होता उसे मंजिल नहीं मिलती है। इसलिए लक्ष्य के साथ कठिन परिश्रम कर पढ़ाई की जाए तो सफलता स्वतः ही मिल जाती है। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में चक दे इंडिया, कोली मराठी नृत्य, पंजाबी, गुजराती, वेस्टर्न डांस, आज फट्टे चक दे पर बच्चों ने बेहतरीन डांस प्रस्तुत कर लोगों की खूब तालियां बटोरी। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने वास्तविक घोड़े पर चढ़कर शानदार नृत्य प्रदर्शन किया। मिशन मंगल व सलाम इसरो आदि नृत्य के माध्यम से आधुनिक भारत की उपलब्धियों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की थीम युगांतर को दिखाते हुए बच्चों ने विभिन्न नृत्य व नाटिकाओं के द्वारा विकसित भारत को दर्शाया। मंच का संचालन कक्षा 12वीं की छात्राओं टीया भड़ाना, यशस्वी जैन कक्षा ग्यारहवीं के छात्र नमन अरोड़ा, रजत कांगड़ा व आयुष आनंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों का आभूषण है। यह विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाती है व उसके सर्वांगीण विकास की धूरी है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, देशप्रेम व सेवा भावना की शिक्षा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय ऐसा स्थान है जहां भावी भारत का निर्माण होता है। यहीं से बच्चे आगे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारत को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बच्चे को अच्छे संस्कार भी देने चाहिए। संजय कुंडू पूर्व डीजीपी हिमाचल प्रदेश ने बताया कि बच्चों को समय का सदुपयोग करना चाहिए । किताबी शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए जिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। जो बच्चे आगे नहीं आ पाते शिक्षक को उन बच्चों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। विद्यालय के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भडाना ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं ।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338